तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026



इमलीपारा सड़क किनारे निर्माण सामाग्री रखकर बिक्री की जा रही।

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

## खबर संक्षेप

### महिला आयोग अध्यक्ष की जनसुनवाई आज

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष 29 अप्रैल को जल संसाधन विभाग परिसर स्थित प्रार्थना सभा कक्ष में महिला जनसुनवाई करेंगी। आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की अध्यक्षता में बुधवार 29 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रातः 10 बजे 'शी सर्वज' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय लखीराम ऑडिटोरियम, कंपनी गार्डन के पास किया जाएगा। सुबह 11:30 बजे कलेक्टोरेट स्थित मंथन मीटिंग हॉल में बैठक होगी। दोपहर 1 बजे से जल संसाधन विभाग परिसर स्थित प्रार्थना सभा कक्ष में महिला जनसुनवाई आयोजित होगी, जहां महिलाएं घरेलू हिंसा, कार्यस्थल उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, साइबर अपराध, पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न मामलों की शिकायत सीधे आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगी। दोपहर 3 बजे यशोदा एआई विषय पर कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं, स्व-सहायता समूहों एवं लघु उद्यम से जुड़ी लगभग 200 महिलाओं के साथ संवाद किया जाएगा।

### प्रयागराज नहीं जाएगी सारनाथ एक्सप्रेस आज

**बिलासपुर।** प्रयागराज स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग की वजह से अन्य ट्रेनों के साथ सारनाथ एक्सप्रेस 29 व 30 अप्रैल को प्रयागराज स्टेशन में नहीं रोकी जाएगी। जानकारी के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के अंतर्गत प्रयागराज स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा। इससे अन्य जोन व स्टेशनों की ट्रेनों के साथ दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस का परिचालन भी प्रभावित रहेगा। दुर्ग से छपरा सारनाथ एक्सप्रेस 29 व 30 अप्रैल को डायवर्ट होकर चलेगी। 29 अप्रैल को दुर्ग से रवाना होने वाली 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस व्हाया मानिकपुर, प्रयागराज छिक्की, ओड़िहार मार्ग होकर छपरा तक और 30 अप्रैल को छपरा से दुर्ग आएगी।

### 1 मई से 73 शिविरों के साथ सुशासन तिहार

**बिलासपुर।** 1 मई से दो बड़े अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए 73 शिविरों के साथ सुशासन तिहार और जनगणना कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने टीएल बैठक लेकर 1 मई से शुरू हो रहे सुशासन तिहार और जनगणना कार्य की तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को 30 अप्रैल तक सभी लंबित मामलों के निराकरण के निर्देश देते हुए दोनों महत्वपूर्ण अभियानों को सफल बनाने के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा। श्री अग्रवाल ने मंगलवार को आयोजित टीएल बैठक में जिले में शुरू होने जा रहे दो बड़े अभियानों सुशासन तिहार और जनगणना की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

### औषधि प्रशासन को मेडिकल स्टोर में मिली खामियां

**बिलासपुर।** सही दवा, शुद्ध आहार अभियान के दूसरे दिन तीन अलग अलग टीम ने शहर के कई इलाकों में जांच की। इस दौरान तेलीपारा, सकरी, नेहरू नगर, मुंगेली नाका क्षेत्रों में कुल 15 थोक दवा दुकानों का निरीक्षण किया गया। सकरी क्षेत्र के मेडिकल स्टोर में दवा का सैंपल लिया गया है, इनके नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा। इसके साथ ही अन्य दुकानों से भी सैंपल लिए गए है। बताया जा रहा है कि क्रीम को फॉर्म 15 में बिना फ्रिज किए बेचा जा रहा था, जिसके लेकर अधिकारियों ने दुकानदार को चेताया गया। वहीं मेडिकल काम्प्लेक्स के एक दुकान में फॉल्स सीलिंग तक नहीं था, जिससे गर्मी के दिनों में दवाओं के लिए अनुकुल भंडारण की समस्या थी, अधिकारियों ने इसके दुरूस्त करने का निर्देश दिया है।

# बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट की बत्ती गुल, 40 हजार घरों में नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरी क्षेत्र के लोगों की प्यास बुझाने के लिए शुरू की गई अमृत मिशन योजना में आई खराबी ने मंगलवार को 40 हजार घरों को टैंकरों के भरोसे छोड़ दिया। दरअसल सोमवार की शाम आंधी और बारिश के कारण बिरकोना फिल्टर प्लांट की बिजली गुल हो गई थी। इसके कारण शहर भर में पानी सप्लाई ठप हो गई। इस भीषण गर्मी में 16 वार्डों के लोग परेशान हो गए। हाहाकार सा मच गया। निगम ने वार्डों में टैंकर जरूर भिजवाए लेकिन वह नाकाफी रहे। टैंकर पहुंचते ही लोग बर्तन लेकर लाइन में लगकर पानी भरने को मजबूर रहे।

- सोमवार की शाम आंधी और बारिश के कारण प्लांट की बिजली ठप हो गई थी
- निगम ने वार्डों में टैंकर जरूर भिजवाए लेकिन वह नाकाफी रहे, लोग परेशान

नगर निगम की अमृत मिशन योजना के तहत संचालित बिरकोना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में सोमवार लाइट गुल हो गई। निगम के पास इसकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है इसलिए मंगलवार की सुबह से लेकर शाम तक पानी सप्लाई ठप हो गई। देर शाम जब लाइट आई तो प्लांट से पानी आपूर्ति शहर में की गई और राहत मिली।





### शहर भर में जल संकट गहराया

इसके साथ ही शहर के कई इलाकों में भीषण गर्मी के बीच जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। औद्योगिक परिक्षेत्र सिरगिटटी, हेमू नगर के कई इलाके,जैकब चाल, गणेश नगर, नयापारा और शिव टॉकीज चौक जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति ठप होने से हाहाकार मचा हुआ है। तालापारा में महिलाएं और बच्चे भीषण गर्मी में घंटों लाइनों में लगकर पानी भरने को मजबूर हैं। कई इलाकों में तो सुबह होने से पहले ही कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं।

### लोगों ने चंदा करके बनवाई मोटर

गणेश नगर नयापारा में भी पानी समस्या गंभीर होती जा रही है। यहां लगाया गया बोर फेल हो गया है तो मोटर पंप जल गया है। अधिकारियों से कई बार चर्चा करने के बाद भी जब निराकरण नहीं हुआ तो मोहल्ले के लोगों ने 20 हजार रुपए चंदा किया और मोटर बनवाया। यहां की निवासी प्रीति यादव और उमा यादव ने बताया कि टैंकर से पानी सप्लाई भी नहीं होती और ना ही कोई जनप्रतिनिधि देखने तक आता है। कह दिया जाता है कि क्षेत्र निगम में नहीं है।

### टैंकरों के भरोसे शहर

ध्यान रहे कि जल संकट से निपटने के लिए नगर निगम ने 22 टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाने की व्यवस्था की है, लेकिन यह व्यवस्था घनी आबादी वाले इलाकों के लिए नाकाफी साबित हो रही है। तालापारा, मगरपारा, सरकंडा, जरहाभाठा, चांटीडीह, चिंगराजपारा सहित कई क्षेत्रों में लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में विवाद और नाराजगी की स्थिति बन रही है। लाइट नहीं होने के कारण तारबाहर, विनोबा नगर, क्रांतिनगर, विद्यानगर, अज्ञेय नगर और हेमूनगर में भी सुबह पानी नहीं आया।

### लाइट बनने के बाद पानी की आपूर्ति की गई

सोमवार की शाम आंधी और बारिश के कारण बिरकोना फिल्टर प्लांट की बिजली गुल हो गई थी। इस कारण मंगलवार की सुबह कई क्षेत्रों में पानी सप्लाई बाधित हुई। शाम को लाइट बनने के बाद पानी आपूर्ति की गई।

**- अनुपम तिवारी,** जल विभाग प्रभारी

### तखतपुर के भाड़म की घटना : शादी का भोजन करने से बिगड़ी थी तबियत

# तीन दिन से फैल रहा डायरिया, बच्ची की मौत के बाद नींद से जागा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते 9 वर्षीय बच्ची को जान गंवानी पड़ी है, घटना तखतपुर क्षेत्र के भाड़म गांव की है, जहां डायरिया फैलने से 3 परिवार के करीब दर्जन भर लोग बीमार है, 3 दिनों से फैला डायरिया की चपेट में आने से बच्ची की मौत हो गई है। मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मचारी गांव पहुंचें और 6 लोगों की जांच की खानापूर्ति कर लौट गए है।

तखतपुर क्षेत्र में इन दिनों डायरिया का प्रकोप फैला है, गांवों में लगातार डायरिया के मरीज मिल रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग का अमला नदारद है। भाड़म गांव में बीते 3 दिनों से डायरिया के मरीज मिल रहे है, अबतक 13 लोगों को डायरिया ने अपनी चपेट में ले लिया है। रविवार से लोगों को उल्टी और दस्त से पस्त होने को मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं बीती रात गांव में डायरिया के चलते 9 वर्षीय बच्ची पीहू लोधी पिता राम सागर लौधी की मौत हो गई है। खास बात यह है कि जिस घर में बच्ची की मौत हुई है, वहीं 6 से अधिक सदस्य डायरिया से पीड़ित है। डायरिया फैलने की जानकारी मितानिनों को पहले से ही थी, लेकिन सोमवार को स्वास्थ्य विभाग का कोई भी कर्मचारी और अधिकारी गांव नहीं पहुंचा, ना ही किसी तरह का कैंप किया गया है, परिजनों का आरोप है कि समय पर इलाज नहीं मिलने से बच्ची की मौत हुई है। वहीं बच्ची की मौत के बाद तखतपुर बीएमओ ने सर्वे करने के लिए टीम भेजी है लेकिन महज खाना पूर्ति कर टीम लौट गई है।



स्वास्थ्य विभाग की टीम खानापूर्ति करके लौट आई।

### उपस्वास्थ्य केन्द्र में नहीं है डाक्टर और स्टाफ

सबसे गंभीर बात यह है कि भाड़म में पूर्व सरपंच सीताराम सीगौर ने सरकारी फंड से उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया है, लेकिन उन्हीं के घर में बच्ची की मौत हो गई है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि सुपरवाइजर पिछले तीन दिन से नदारद थी। वहीं सोमवार को सीएचओ ने दवा का वितरण किया था। पूर्व सरपंच ने बताया कि गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र की बिल्डिंग बन चुकी है, लेकिन इतने सालों में कभी भी कोई डाक्टर झांकने तक नहीं आया है। इस बारे में बीएमओ, सीएमएचओ और कलेक्टर तक को ज्ञापन दिया गया है लेकिन ना ही डाक्टर की पदस्थापना की गई और ना ही स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहते है।

### बीएमओ ने नहीं उठाया फोन

यह पहला मामला नहीं है जब तखतपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। कई बार हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली पर संज्ञान लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई है, इसके बाद भी अधिकारियों का रवैया जस का तस है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए बीएमओ डॉ उमेश साहू से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा।

### 6 लोगों की जांच

जैसे ही डाक्टरों को डायरिया के बारे में पता चला था, टीम भेजी गई थी। 6 लोगों की जांच की गई है। जिस बच्ची की मौत हुई है उसे उल्टी दस्त के साथ ही बुखार की शिकायत थी।

**- डॉ प्रमोद तिवारी,** प्रभारी आईडीएसपी विंग, स्वास्थ्य विभाग

# विवि पर झूठा केस दर्ज कराने की धमकी देकर अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ऑनलाइन, गेम्बलिंग के चक्कर में लापता हुए छात्र के मामले में विश्व विद्यालय प्रबंधन पर झूठा केस दर्ज कराने की धमकी देकर हंगामा मचाकर अपमानित करने, अवैध वसूली करने एवं छात्रा को अपशब्द बोलकर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने छात्र के पिता व चाचा के खिलाफ दो अपराध दर्ज दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डा. साकेत सिंह चंदेल ने रिपोर्ट लिखाई कि 6 मार्च 2026 को बिना सूचना के हॉस्टल से छात्र रोहित कुमार कहीं चला गया। विश्वविद्यालय ने उसी रात लगभग 11 बजे कोटा थाने में गुमशूदगी की लिखित सूचना दी एवं मोबाइल के माध्यम से छात्र के पिता अमरेन्द्र कुमार को बिहार में सूचना दी गई।7 मार्च को छात्र के पिता अमरेंद्र कुमार, चाचा निखिल कुमार अपने साथियों के साथ विश्वविद्यालय परिसर आए। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन के पूर्ण सहयोग एवं सहानुभूति के बावजूद अत्यंत आक्रामक एवं अमर्यादित व्यवहार किया। परिजनों के द्वारा किडनैपिंग, मर्डर, छात्र को गायब करने एवं जानबूझकर विश्वविद्यालय में रैगिंग होने की झूठी अफवाह फैलाकर छात्र छात्राओं को भड़काने का प्रयास किया गया। इस प्रकार से झूठे एवं संगीन आरोप लगाते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां निरंतर दी जा रही थी। गुमशुदा छात्र के पिता, चाचा एवं उसके साथियों द्वारा अपराधिक आशय से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफर्म पर प्रसारित किया गया। फार्मेसी विभाग की शिक्षिका एवं उनके फोन पर अमर्यादित बातचीत एवं वाट्सएप के माध्यम से दुर्व्यवहार किया गया। कैंपस में रैगिंग एवं पढ़ाई नहीं होने जैसी झूठी अफवाह फैलाकर वातावरण बिगाड़ने की कोशिश की गई।



- छात्र के पिता, चाचा के खिलाफ जुर्म दर्ज, गए जेल
- लापता छात्र ऑनलाइन गैम्बलिंग का आदि था, नागपुर से बरामद किया गया
- छात्रा को अपशब्द बोलकर वीडियो वायरल करने की धमकी

### अनुचित मांग और धमकी

गुमशुदा छात्र रोहित कुमार ऑनलाइन, गेम्बलिंग में संलिप्त रहा है। छात्र के परिजन द्वारा प्रशासनिक भवन के कुलसचिव कार्यालय एवं अन्य विभागों में बार बार अनाधिकृत प्रवेश कर अमर्यादित व्यवहार करते हुए अनुचित रूप से पैसों की मांग 16 मार्च को शाम 4 बजे की गई। स्पष्ट धमकी दी गई पैसा नहीं देने पर विश्वविद्यालय पर झूठा केस दर्ज कर देंगे। अधिकारियों द्वारा विवश होकर 19 मार्च को 5 हजार रुपए नकद, 8 अप्रैल को को उनके द्वारा दिए बैंक खाते में 14 हजार रुपए डाले गए। गुमशुदा छात्र के परिजनों द्वारा बिना किसी आधार के छात्राओं का नाम लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर सार्जजनिक रूप से अपमानित एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। पुलिस ने डा. चंदेल की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 1, 308, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### छात्रा को अश्लील शब्द बोलकर किया अपमानित

कोनी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। लापता छात्र रोहित कुमार के पिता अमरेन्द्र कुमार ने उन पर प्रेम संबंध संबंधी अनेक गंभीर आरोप लगाते हुए उठवा लेने की धमकी दी गई। धमकी देने के दौरान उनके द्वारा वीडियों बनाकर सोशल मीडियों में वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर छात्र के पिता अमरेन्द्र कुमार के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

डेढ़ माह सारे उपाय कर लापता छात्र को खोज लिया गया है। ऑनलाइन, गेम्बलिंग के चक्कर छात्र लापता हुआ था। इस दौरान छात्र के परिजन ने धैर्य का परिचय नहीं दिया। प्रबंधन पर झूठा आरोप लगाकर हंगामा मचाकर अवैध वसूली की गई। छात्रा को अपशब्द बोलकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। कोटा व कोनी थाने में दो प्रकरण दर्ज कर आरोपी पिता व चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**- रजनेश सिंह,** एसएसपी

## हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश 18 मई से 12 जून तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने नोटिफिकेशन जारी कर ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है। जारी आदेश के तहत 18 मई सोमवार से 12 जून शुक्रवार तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इसके बाद 15 जून सोमवार से हाईकोर्ट में नियमित कामकाज प्रारंभ होगा। छुट्टियों के दौरान 19, 21, 26 और 28 मई, 2026 और 2, 4, 9 और 11 जून, 2026 को अवकाशकालीन कोर्ट लगेंगी।

- छुट्टियों के दौरान मई और जून में 8 अवकाशकालीन कोर्ट लगेंगी

इसके साथ ही अवकाशकालीन न्यायाधीशों की बैठक और तत्काल मामलों तथा पुराने मामलों को दाखिल करने और सूचीबद्ध करने के संबंध में इस तरह आदेश जारी किया है। गर्मी की छुट्टियों के दौरान, सभी दीवानी, आपराधिक, रिट याचिका संबंधी मामले दर्ज किए जाएंगे। किसी भी आपात स्थिति में अवकाशकालीन न्यायाधीश, मुख्य न्यायाधीश की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद किसी अन्य न्यायाधीश के साथ अपनी कार्यभार का आदान-प्रदान कर सकते हैं। अवकाशकालीन न्यायाधीश सुबह 10:30 बजे से डिवीजन बेंच कोर्ट लगाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर कोर्ट के समय के बाद भी सुनवाई जारी रख सकते हैं।

### रजिस्ट्री खुली रहेगी

खास बात है कि गर्मियों की छुट्टियों के दौरान, रजिस्ट्री शनिवार, रविवार और छुट्टियों को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक खुली रहेगी। साथ ही गर्मी की छुट्टियों के दौरान इन मामलों की सूची बनाई जाएगी। इसमें सभी नए रिट, सिविल, आपराधिक मामलों की सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान तत्काल सुनवाई हेतु आवेदन के साथ की जाएगी।

### कछार प्लांट के साथ एसएलआरएम सेंटर भी पहुंचे तीन अधिकारी

# देश के टॉप 18 शहरों में बिलासपुर शामिल, केन्द्र से काम देखने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में देश के 18 शहरों में बिलासपुर का चयन किया गया है। अब बिलासपुर नगर निगम सीमा के 70 वार्डों में विकास के काम होंगे। इसके लिए 135 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसमें सफाई के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल शहर का विकास किया जाएगा।

- सिटीज 2.0 में प्रस्तावित कार्यों का अंतिम फील्ड वेरिफिकेशन किया

इसके निरीक्षण के लिए टीम शहर पहुंची और निगम द्वारा चल रही योजनाओं के साथ ही उपलब्ध कराई गई जमीन का निरीक्षण किया। केन्द्र की टीम में तीन सदस्य थे जबकि निगम की ओर से अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, संपदा अधिकारी प्रवेश कश्यप, इंजीनियर श्रीकांत नायर सहित अन्य अधिकारी थे। केन्द्रीय टीम कछार के में लग रहे बीपीसीएल को आबंटित जमीन देखने भी पहुंची। इसके साथ ही घुरू, तिफरा, सिरगिट्टी और छठघाट में बनाए गए एसएलआरएम सेंटर भी पहुंची और काम देखा।



गौरतलब है कि देश के 100 स्मार्ट शहरों में सिर्फ 18 शहरों का चयन दूसरे फेज के लिए किया गया है। इसमें बिलासपुर भी शामिल है। इसमें शहरों को ग्रीन व क्लीन बनाने के लिए शहर में इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट यानी एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन पर खास ध्यान देने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए निगम ने कछार सहित कई जगहों पर जमीन उपलब्ध कराई है। मंगलवार को बिलासपुर पहुंची केन्द्र की टीम में शामिल जैलेन्द्र कश्यप, सीरियक कोथुरापाली और श्रीमती रिचा ठाकूर ने सिटीज 2.0 प्रोजेक्ट में प्रस्तावित कार्यों का अंतिम फील्ड वेरिफिकेशन किया।

### 100 करोड़ का निवेश करेगी बीपीसीएल

केन्द्रीय टीम कछार में पहुंची जहां 10 एकड़ भूमि पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा लगभग 100 करोड़ की लागत से एक आधुनिक कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किया जाएगा। यह प्लांट रोजाना 150 मीट्रिक टन शहरी ठोस कचरे का उपयोग करके 5 से 10 मीट्रिक टन बायो गैस का उत्पादन करेगा। टीम ने जमीन समतलीकरण के साथ फेंसिंग काम देखा और निगम के अधिकारियों से पूछा कि कहीं जमीन में कोई कब्जा तो नहीं है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि प्लांट में काम शुरू करने के लिए पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गया है। बीपीसीएल ने कार्यों के लिए टेंडर भी कर दिया है।

### दूसरे फेज में यह कार्य किए जाएंगे

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी 2.0 के तहत शहर में पूर्व से संचालित सालिड वेस्ट मैनेजमेंट को और अधिक ढंग से प्रभावी बनाया जाएगा। पूरे शहर को स्वच्छ रखने विशेष कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। इसके तहत कचरे से बिजली बनाई जाएगी। खासकर खाद से सीएनजी तैयार करने की योजना है। शहरी क्षेत्रों में सर्कुलर अर्थ व्यवस्था हासिल करने के कचरे से खाद बनाने वाले संयंत्र और कचरे से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। आने वाले 5 वर्षों में बिलासपुर को पूरी तरीके से स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा।

### पर्यावरण के अनुकूल शहर का विकास होगा

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में देश के 18 शहरों में बिलासपुर का चयन किया गया है। अब बिलासपुर नगर निगम सीमा के 70 वार्डों में विकास के काम होंगे। इसके लिए 135 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसमें सफाई के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल शहर का विकास किया जाएगा।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

## खबर संक्षेप

### कृषि उपज मंडी के सामने से नगर पालिका ने हटाया होर्डिंग



**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत कृषि उपज मंडी के सामने यूनिपोल में लगा होर्डिंग क्षतिग्रस्त होकर लटक रहा था, जिसके कारण आमजनों में अप्रिय दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी हुई थी। जिसे तत्काल नगर पालिका परिषद के द्वारा हटाया गया।

### तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला



**लोरमी।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत नर्सरी में वर्तमान वित्तीय वर्ष में तेंदूपत्ता संग्रहण संबंधी वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़ के प्रवास के दौरान दिए निर्देशों के परिपालन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में संग्रहण, बोरा भरती, परिदान, परिवहन तथा एमएसपी के तहत क्षेत्र, वन क्षेत्र में उपलब्ध वनोपजों के संग्रहण, गुणवत्ता, भंडारण आदि के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण मे उपस्थित उच्च अधिकारियों ने दिया। खुड़िया में संग्राहक संख्या लगभग 3 हजार व संग्रहण लक्ष्य 2 हजार 300 मानक बोरा, लोरमी में संग्राहक 2 हजार 500, संग्रहण लक्ष्य 2 हजार 700 मानक बोरा एवं टिंगीपुर में संग्राहक 1 हजार, संग्रहण लक्ष्य 900 मानक बोरा निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यशाला में उप प्रबंध संचालक बिलासपुर यूएस करवार, एसडीओ दशहंश सूर्यवंशी, वन परिक्षेत्र अधिकारी खुड़िया अनिरुद्ध कश्यप, वन परिक्षेत्र अधिकारी क्रिस्टोफर कुजूर, वनपाल पोषक अधिकारी खुड़िया राजेश कुमार पाटले, पोषक अधिकारी तिंगीपुर रमेश यादव सहित वन परिक्षेत्र लोरमी व खुड़िया से संबंधित समस्त परिक्षेत्र सहायक, वनपाल, वनरक्षक व प्राथमिक लघु वनोपज कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### सीलबंद शराब की बोतल में मिला काकरोच



**लोरमी।** सीलबंद देशी शराब में ककरोच मिलने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना न सिर्फ शराब की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रही है, बल्कि जिम्मेदार व्यवस्था की लापरवाही भी उजागर कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार एक ग्राहक शादी समारोह के लिए देशी शराब के दो पाव लेकर जा रहा था। तभी जब उसने लाल रंग की सील पैक बोतल को ध्यान से देखा, तो उसके अंदर ककरोच नजर आया। यह दृश्य देखकर ग्राहक सहित आसपास मौजूद लोग सन्न रह गए। कॉकरोच मिलने के मामला के मदिरा प्रेमियों बाद ग्राहकों में सेहत को लेकर नाराजगी प्रकट कर जांच की मांग कर रहे हैं।

### एकलव्य विद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन



**लोरमी।** ग्राम बंधवा के पीएमश्री एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए कौशल्य कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। दूर-दराज से आए प्रतिभागी सुबह से ही विद्यालय परिसर में पहुंच गए थे। विद्यालय प्रशासन द्वारा पंजीकरण से लेकर आवास, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित और आकर्षक ढंग से सुनिश्चित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग शिवकुमार बांधे ने विद्यार्थियों को अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर निजी कम्पनी के प्रतिनिधियों ने स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से कौशल्य कार्यक्रम, प्रशिक्षण प्रक्रिया एवं रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।

### पत्रकारों ने की थाना प्रभारी से मुलाकात



**बिल्हा।** ब्लॉक पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ बिल्हा थाना प्रभारी तोप सिंह नवरंग से मुलाकात कर क्षेत्र में हो रही अपराधिक घटनाओं के संबंध में चर्चा की। झाल-बरतोरी मोड़ पर लूट एवं पथराव की घटना के संबंध में थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि जल्द से जल्द अपराधी कानून के शिकंजे में आ जाएंगे। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से हमें काफी सफलता मिल रही है। अलग-अलग एंगल से जांच की प्रक्रिया चल रही है। साइबर सेल एवं बिल्हा पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है । शराब माफिया पर भी शिकंजा कसने की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने की बात कही गई। इस मौके पर विनोद वर्मा, कमल गर्ग, हरीश गुप्ते वार्ड नंबर 6 पार्षद भावेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम फरसवानी के समीप देर रात को हुआ हादसा, तीन घायल

# कोरबा में मां, बेटे व नाती की एक साथ उठी अर्थी, कांशीनगर बस्ती में कोहराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के कांशीनगर बस्ती में एक ही परिवार के तीन सदस्यों मां, बेटे और नाती की एक साथ अर्थी उठी। इस हृदय विदारक घटना से पूरी बस्ती में कोहराम मच गया और वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। दरअसल बेटी की शादी के बाद उसके ससुराल में रिसेप्शन में शामिल होने चांपा गए शहर के टेंट कारोबारी की कार लौटते समय फरसवानी के पास ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार मां, बेटा व नाती की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल गए। उन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। एक साथ एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से शहर में मातम छाया रहा।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 कांशीनगर बस्ती में विरेंद्र सोनी व जितेंद्र सोनी निवास करते हैं। बताया जाता है कि 26 फरवरी को जितेंद्र सोनी की पुत्री राजनंदनी का विवाह शहर के एक होटल में हुआ था जिसके बाद 27 अप्रैल को जिला जांजगीर चांपा में





रिसेप्शन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांशीनगर से सोनी परिवार 4 से 5 कार में सवार होकर चांपा गये हुए थे। पुत्री की रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने के बाद देर को सोनी परिवार चांपा से अलग अलग कार में सवार होकर कोरबा के लिए रवाना हुए। इस दौरान देर रात लगभग 3 बजे कार क्रमांक सीजी 4 एलएस 3201 फरसवानी के समीप पहुंची थी कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के होने के बाद परिवार के अन्य सदस्य जो पीछे कार से आ रहे उन्होंने कार को रोका और सभी लोगों को उपचार के लिए चांपा के विभिन्न अस्पतालों में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत देवेंद्र सोनी पिता विरेंद्र सोनी उम्र 21 वर्ष, मोंगरा सोनी 45 वर्ष पति विरेंद्र सोनी एवं श्रेयंश सोनी पिता राहुल सोनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं उसमें से राहुल सोनी की हालत गंभीर बतायी जा रही है जिसे प्राथमिक चिकित्सा के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। जैसे ही सुबह शहर में पता चला कि सड़क हादसे में सोनी परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। कांशीनगर बस्ती सहित उनके शुभचिंतकों में मातम छा गया। बताया जाता है कि कांशीनगर निवासी जितेंद्र सोनी व विरेंद्र सोनी दोनों सगे भाई हैं जो शहर में टेंट का काम करते हैं। जितेंद्र सोनी बड़ा भाई है जिसकी पुत्री राजनंदनी की शादी 26 अप्रैल को शहर के टॉप इन टाउन में शादी हुई थी।

## पहले दिन 7 जनरल स्टोर्स 15 स्ट्रीट वेंडर्स का निरीक्षण



गुणवत्तायुक्त खाद्य व औषधि उपलब्ध कराने जांच अभियान

**मुंगेली।** नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में 'सही दवा-शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम के तहत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान की शुरुआत कर दी गई है।

यह अभियान 11 मई तक संचालित किया जाएगा। इसी कड़ी में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार औषधि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान के तहत व्यापक निरीक्षण किया गया। अभियान के पहले दिन मुंगेली विकासखंड के बाजार क्षेत्र में फास्ट मूविंग कॉस्मेटिक उत्पादों की जानकारी एकत्र करते हुए 7 जनरल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक कॉस्मेटिक उत्पाद का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु संकलित किया गया। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा के तहत स्ट्रीट फूड विक्रेताओं पर भी कार्रवाई करते हुए चाट-गुपचुप सेंटर सहित 15 स्ट्रीट वेंडर्स का निरीक्षण किया गया। सरगांव स्थित सांई बर्फ फैक्ट्री से भी नमूना जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिले के सभी कॉस्मेटिक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे केवल जीएसटी के पक्के बिल के साथ ही सामग्री का क्रय-विक्रय करें।

## लाख कोशिशों के बाद भी नहीं मिला पीएम आवास

**पेंड्रा।** जीपीएम जिले से एक मार्मिक तस्वीर सामने आई है, जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान पाने के लिए एक गरीब परिवार पिछले चार वर्षों से इंतजार कर रहा है, लेकिन अब तक उसे योजना का लाभ नहीं मिल पाया।



मजबूरी में परिवार अब आधी ईंट और मिट्टी के सहारे अपना घर बनाने को विवश है। मामला मरवाही जनपद पंचायत के सेखवा गांव का है। यहां रहने वाले 40 वर्षीय दिनेश सिंह गोड़, जो मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, आज भी पक्के मकान के लिए तरस रहे हैं। वे अपनी पत्नी कान्तु बाई और बच्चे के साथ जर्जर कच्चे मकान में कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि, दिनेश का कच्चा मकान पूरी तरह जर्जर हो चुका है। हालात ऐसे हैं कि वे सीमेंट के बजाय मिट्टी से जोड़ाई कर आधी ईंटों के सहारे नया घर खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि किसी तरह परिवार को सुरक्षित छत मिल सके। दिनेश सिंह गोड़ का कहना है, चार साल से इंतजार कर रहा हूं। कई बार आवेदन दे चुका हूं, पंचायत से सर्वे भी हो चुका है, लेकिन आज तक आवास नहीं मिला। मोहल्ले में लगभग सभी को मिल गया, बस मेरा ही नाम नहीं आया। अब बरसात में कैसे गुजारा होगा, यही चिंता है। उन्होंने बताया कि, उनका मौजूदा मकान जगह-जगह से टूट चुका है। छत की बल्ली और खप्पर भी जर्जर हो चुके हैं।

- ईंट के टुकड़ों व मिट्टी के घर में रहने को मजबूर परिवार

### ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 के तहत सचिवों को प्रशिक्षण

**मुंगेली।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी पहल ई-डिस्ट्रिक्ट2.0 के अंतर्गत पंचायत स्तर पर नई सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत में ग्राम पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रशिक्षण के दौरान सचिवों को ई-डिस्ट्रिक्ट 20 पोर्टल पर उपलब्ध नई सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनके संचालन की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही, डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट मैपिंग का कार्य भी संपादित किया गया, जिससे ऑनलाइन सेवाओं में प्रमाणीकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

## लंबित मांगों को लेकर पेंशनर्स ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर पेंशनरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है, संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन द्वारा जारी सूचना के अनुसार 21 अप्रैल को दोनों राज्यों के जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल और माननीय मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराना और मांग पत्र सौंपना था।



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा मुंगेली द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में पेंशनरों ने सरकार के सामने 14 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिनमें मुख्य रूप से महंगाई राहत का भुगतान पेंशनरों का आरोप है कि 'मोदी की गारंटी' के तहत केंद्र के समान तिथि से महंगाई राहत देने का वादा किया गया था, जो अब तक अधूरा है। उन्होंने अविलंब केंद्रीय दर पर महंगाई राहत देने की मांग की है। धारा 49(6) का विवादः मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 की विसंगतियों को दूर करने की मांग की गई है। पेंशनरों का कहना है कि दोनों राज्यों के बीच सहमति की अनिवार्यता के कारण पेंशन लाभों में देरी होती है, जिसे समाप्त किया जाना चाहिए। पेंशन में 20 प्रतिशत की वृद्धिः औसत आयु के आधार पर मांग की गई है कि 80 वर्ष के स्थान पर 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनरों की पेंशन में 20 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। नकद रहित चिकित्सा सुविधाः बढ़ती उम्र और बीमारियों के खर्च को देखते हुए पेंशनरों के लिए ओ.पी.डी. और इनडोर कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग की गई है। अन्य रियायतें रेलवे किराए में पूर्व की तरह छूट, आयकर में राहत, और वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन करने जैसी मांगें भी प्रमुखता से उठाई गई हैं। बकाया भुगतानः छठवें और सातवें वेतनमान के एरियर्स की शेष राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से सईद खान, एच.आर भास्कर, डी.डी. मानिकपुरी, मानदास टोंडर, बद्री तम्बोली, महाजन प्रसाद टंडन, भैरो तिवारी और देवचरण बंजारे उपस्थित रहे। मुंगेली में संघ के अध्यक्ष एच.आर. भास्कर और अन्य पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारी पेंशनरों का कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद वे आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर महसूस कर रहे हैं। ऐसे में सरकार द्वारा उनके हकों में देरी करना उनके साथ अन्याय है। पेंशनरों ने पुरानी पेंशन योजना को भी पुनः लागू करने की अपनी मांग को दोहराया है।

## कांग्रेस ने सुशासन तिहार को बताया फिजूलखर्ची, भाजपा को घेरा

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार द्वारा 1 मई से 15 जून तक प्रस्तावित 'सुशासन तिहार' को लेकर प्रदेश में राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गजमति भानू ने इसे पूरी तरह विफल और फिजूलखर्ची वाला आयोजन करार देते हुए सरकार पर निशाना साधा है। गजमति भानू ने जारी बयान में कहा कि, सुशासन तिहार जनता की वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने और सरकारी नाकामियों पर पर्दा डालने का प्रयास है। उन्होंने पिछले वर्ष आयोजित कार्यक्रम का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि, उस दौरान किए गए बड़े-बड़े दावे जमीनी स्तर पर पूरी तरह फेल साबित हुए। गांवों और कस्बों में लगाए गए शिविरों में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, बल्कि केवल औपचारिकताएं निभाई गईं। जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने भी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए सुशासन तिहार को जनविरोधी और दिखावटी कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा कि, प्रदेश में किसान, मजदूर, युवा और आम नागरिक कई समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार इन मुद्दों के समाधान के बजाय आयोजनों के जरिए अपनी छवि चमकाने में जुटी है।



यह सरकार की नाकामियों पर पर्दा डालने का प्रयासः गजमति

## प्रमुख चौक-चौराहों पर 'मनियारी नीर' प्याऊ घर स्थापित



**मुंगेली।** गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से जनहित में 'मनियारी नीर' की थीम पर शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की पहल की गई है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार विभिन्न स्थलों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर मनियारी नीर प्याऊ घर स्थापित किए गए हैं। साथ ही मवेशियों, पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में जिला कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान आने वाले नागरिकों के लिए छाया, स्वच्छ पेयजल के साथ शीतल शरबत एवं मौसमी फलों की विशेष व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं एसपी भोजराम पटेल ने आमजनों से मनियारी नीर स्टॉल पर शीतल पेयजल का लाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मौसमी फलों एवं शरबत का स्वाद लिया तथा आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। जनदर्शन में पहुंचे सैकड़ों नागरिकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया और तेज गर्मी में राहत मिलने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आगर नदी की बदहाली को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद रोशन सोनी ने शहर की जीवनदायिनी आगर नदी की दयनीय स्थिति को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि, यह नदी वर्षों से शहर के नागरिकों की जल आवश्यकताओं एवं पर्यावरणीय संतुलन का प्रमुख आधार रही है, किंतु वर्तमान में अत्यधिक गंदगी, कचरा एवं गाद जमा होने से इसका स्वरूप गंभीर रूप से प्रभावित हो चुका है। पार्षद सोनी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि, नदी के मध्य में बना मिट्टी एवं गाद का टापू जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर रहा है, जिससे पानी का ठहराव बढ़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप जल प्रदूषण में वृद्धि हो रही है तथा भविष्य में जल संकट एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका भी गहराती जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से पार्षद रोशन सोनी ने मांग की है कि, आगर नदी की तत्काल वैज्ञानिक एवं व्यापक स्तर पर सफाई करवाई जाए, नदी के मध्य बने गाद टापू को हटाकर जल प्रवाह को सुचारू किया जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए स्थाई निगरानी एवं संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि, यह कार्य न केवल शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है, बल्कि मुंगेली की जनता के स्वास्थ्य और आने वाले समय के जल संकट को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पार्षद ने जिला प्रशासन से इस विषय पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की है।

कलेक्टर ने गठित की विकासखंडवार संयुक्त समिति

## सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

**मुंगेली।** जिले में सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर संयुक्त टीम का गठन किया गया है, जो जिले भर में निरीक्षण कर सड़क किनारे रखी गई निर्माण सामग्री को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

जारी आदेश के अनुसार, जिले की मुख्य सड़कों के किनारे रेत, गिट्टी, ईंट, लोहे सहित अन्य निर्माण सामग्री रखने एवं दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने सामान फैलाने से यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके साथ ही धूल, प्रदूषण, कंट्रोल में समस्या जैसी स्थितियां बन रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विकासखंडवार संयुक्त समिति का गठन किया गया है, जिसमें राजस्व अनुविभागीय अधिकारी को अध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जपं के सीईओ को सदस्य बनाया गया है। यह समिति सड़क किनारे रखी गई निर्माण सामग्री एवं अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करेगी और आवश्यकता अनुसार संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण भी प्रस्तुत करेगी।

### एलपीजी का दुरुपयोग रोकने टीम गठित

एलपीजी के दुरुपयोग व कालाबाजारी पर लगाने तथा कालाबाजारी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर राजस्व, खाद्य एवं नापतौल विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया गया है, जो जिलेभर में एलपीजी वितरकों की नियमित जांच करेगी। जारी आदेश के अनुसार विकासखंड स्तर पर गठित इस संयुक्त समिति में संबंधित तहसीलदार को अध्यक्ष तथा नापतौल निरीक्षक और खाद्य निरीक्षक को सदस्य बनाया गया है।



## खबर संक्षेप

### महीने भर चले भाजपा के 'बस्ती चलो अभियान' का समापन



**बिलासपुर।** शहर की राजनीति में जनसंपर्क और सेवा का एक नया अध्याय रचते हुए नगर विधायक अमर अग्रवाल के बस्ती चलो अभियान का आज भव्य समापन हो गया। पिछले एक महीने से निरंतर जारी इस अभियान के तहत श्री अग्रवाल ने शहर के सभी 6 मंडलों के कोने-कोने में पहुँचकर न केवल जनता से संवाद किया, बल्कि विकास की नई इबारत भी लिखी। चिलचिलाती धूप, उमस और हाल ही में आए आंधी-तूफान जैसी बाधाएं भी श्री अग्रवाल के इरादों को डिगा नहीं सकीं। जब पारा 40 डिग्री के पार था और दोपहर में सड़कें वीरान थीं, तब बिलासपुर के जननेता गलियों और बस्तियों में घर-घर जाकर नागरिकों की सुध ले रहे थे। यह अभियान बिलासपुर के प्रत्येक मंडल—उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य और रेलवे मंडल—से होकर गुजरा। आज अंतिम दिन तिलक नगर (पुत्री शाला) से शुरू होकर जबड़ापारा होते हुए विद्या नगर में इस अभियान का विधिवत समापन हुआ। जनता के बीच उनकी मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि एक सच्चा प्रतिनिधि हर परिस्थिति में अपने क्षेत्र की जनता के साथ खड़ा रहता है।पूरे अभियान के दौरान श्री अग्रवाल को शहरवासियों का समर्थन मिला। महिलाओं ने आरती उतारकर और बुजुर्गों ने आशीर्वाद देकर अपने नेता का स्वागत किया।

### कोसरिया यादव समाज ने दिया बच्चों को संस्कारवान व शिक्षित बनाने पर जोर




**बिलासपुर।** कोसरिया यादव समाज का वार्षिक सम्मेलन महासमुंद के शिरपुर में 27 अप्रैल को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि खल्लारी के कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव, विशिष्ट अतिथि भुवनेश्वर यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राधेलाल यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने किया। कार्यक्रम में बिलासपुर जिले से लक्ष्मी यादव व अखिलेश यादव उपस्थित रहे। अतिथियों ने समाज में बच्चों को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। खासकर बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित किया। यादव समाज के सभी उपवर्गों को एक साथ संगठित होकर राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए कंधे से कन्धा मिला कर संघर्ष करने कहा। जिससे यादव समाज भी अन्य विकसित समाज की तरह प्रदेश एवं देश की मुख्य धारा से जुड सके।

### गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** गौमाता के सम्मान, संरक्षण और सेवा के लिए चलाए जा रहे गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत गौसेवकों, संत समाज, हिंदू संगठनों, वैदिक विद्यार्थियों एवं गौ भक्त भाई-बहनों की उपस्थिति में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। गौ सेवक विपुल शर्मा ने बताया कि यह केवल एक ज्ञापन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और कर्तव्य के प्रति समर्पित जनभावना की बुलंद आवाज है। हम सब मिलकर गौमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के साथ गौमाता की रक्षा का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि तेज धूप के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों ने तिलक नगर श्रीराम मंदिर से पैदल मार्च करते हुए गौमाता का संकीर्तन जयकारे लगाते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और अपना मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में बिलासपुर जिले में कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे अतुल सिंह ठाकुर, विपुल शर्मा, कृष्ण ठाकुर, पार्षद राजेश सिंह, गोपाल कृष्ण रामानुज दास, शत्रुघन कृष्ण, शिवांश पांडेय सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार, विश्व हिन्दू परिषद, शिव सेना, बजरंग दल, वंदे मातरम मित्र मंडल सहित अन्य संगठनों के लोग शामिल रहे। ज्ञापन की प्रति राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रेषित की गई।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन दिया ग्रुप की संगोष्ठी



**बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन दिया ग्रुप द्वारा दिया छत्तीसगढ़ के निर्देशन में 26 अप्रैल को गायत्री मंदिर प्रज्ञा पीठ सरकंडा सीपत चौक में डिवाइन ग्रुप दिया कि जिला स्तरीय सृजन चेतना युवा संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर छग के प्रांतीय प्रतिनिधि डॉ प्रियंका नेताम, अमित राठौर, फूल सिंह राज, प्रशांत यादव, जीतराम साहू, नंदनी पाटन वार आदि अतिथियों का अभिनंदन किया गया। प्रांत प्रतिनिधि डॉ प्रियंका नेताम ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता दिया की तरह प्रकाशित होकर औरों को प्रकाश देने का कार्य करें अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचे। प्रशांत यादव ने मंडल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी। प्रांत प्रतिनिधि अमित राठौर ने दिया के द्वारा चलाएं जा रहे डिवाइन वर्कशॉप नशा मुक्ति अभियान के विषय में मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर संभाग प्रमुख डिवाइन ग्रुप दिया फूल सिंह राज, आशुतोष यादव,आदित्य पाटनवार ने भी संबोधित किया। वेद प्रकाश थावईत द्वारा दिया के प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सौरभ पाटनवार, डॉ गौरी शंकर साहू, कविता प्रजापति, नंदकिशोर राठौर , दाताराम प्रजापति , लवकुमार प्रजापति, कीर्ति साहू, प्रज्ञा साहू, तामेश्वर, डोंगेश्वर साहू, डा सुखनंदन साहू, पुरुषोत्तम कश्यप , किरण धुर्वे, जय कुमार सेंदरी , सुजाता माणिक आदि मौजूद थे

---

**कर्मचारियों के भविष्य के साथ विवि कर रहा खिलवाड़** | **प्रभावित कर्मचारियों ने सीयू प्रबंधन पर लगाया मामले को उलझाने का आरोप**

# कोर्ट के फैसले के बाद भी दैवेभो कर्मचारियों को नहीं मिल रहा नियमितीकरण का लाभ

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट से फैसला आने के बाद भी इन कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ मिलना शुरू नहीं हुआ है। प्रभावित दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी यूनिवर्सिटी प्रबंधन के रवैये से खासे नाराज हैं। उन्होंने प्रबंधन पर जानबूझकर नियमितीकरण मामले को केन्द्र के शिक्षा मंत्रालय, यूजीसी को भेजकर या समिति बनाकर उलझाने का आरोप लगाया है।

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अपग्रेड होने के ठीक एक वर्ष पहले 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण हुआ था, जिसे बाद में सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद निरस्त कर दिया गया। करीब 15 सालों से कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक दैनिक वेतनभोगी



कर्मचारियों के पक्ष में फैसला आया है। इसके बावजूद इन दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ मिलना शुरू नहीं हुआ है। प्रभावित दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का कहना है कि कोर्ट के निर्णय के बाद मार्गदर्शन के लिए केन्द्र के शिक्षा मंत्रालय या यूजीसी को भेजने या यूनिवर्सिटी द्वारा फिर समिति बनाने का कोई मतलब ही नहीं है। यह सब मामले को उलझाकर टाईम पास करने के लिए बहाना है। कर्मचारियों का कहना है कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना मामले में नियमित करने की बात कही गई है, किन्तु आज तक आदेश की कापी कर्मचारियों को नहीं दिया गया है। इसी तरह उनका कहना है कि कोर्ट के निर्णय अनुसार नियमितीकरण दिया जाना है तो केन्द्र और समिति बनाने की बात हो रही है जबकि उनका नियमितीकरण निरस्त किया गया था तब तो केन्द्र सरकार से मार्गदर्शन नहीं मांगा गया था। नियमितीकरण मामले में यूनिवर्सिटी को कोई समिति बनानी भी थी तो सुप्रीम कोर्ट से यूनिवर्सिटी की पिटीशन खारिज होने के बाद समिति बनाकर अब तक कार्यवाही पूरी कर लेनी थी। प्रभावित कर्मचारियों का मानना है कि समिति के नाम पर नाटक कर मामले को खींचा जा रहा है और दस्तावेज मंगाने की बात कही जा रही है जबकि सभी कर्मचारियों के सारे कागजात यूनिवर्सिटी में जमा हैं और नियमितीकरण के समय भी फाईल बनी थी तो फिर से दस्तावेज मंगाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है।

### कार्य परिषद ने लिया यह फैसला

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में न्यायालय से कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय आया है। सुप्रीम कोर्ट से गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन उपचारात्मक याचिका क्युरटिव पिटीशन खारिज होने के बाद यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की आपात बैठक बुलाई गई थी। इसमें दैनिक वेतनभोगी 109 कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी मामले में निर्णय लिया गया कि इस मामले में लिगल ओपिनियन लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं यूजीसी को कर्मचारियों के पद व फंड के लिए प्रस्ताव भेजा जाए।

### कोर्ट में नियमित कर दिए जाने की जानकारी दी गई

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी अवमानना मामले की पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट को कर्मचारियों को नियमित किए जाने की जानकारी दी थी, जबकि नियमितीकरण के संबंध आदेश का अतापता नहीं है। इस आशय का आदेश भी यूनिवर्सिटी ने अब तक सर्कुलेट भी नहीं किया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने अवमानना मामले में सुनवाई दौरान दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पहले ही नियमित किए जाने की बात कही है और कोर्ट में आदेश पेश किया है। इस पर कोर्ट ने अन्य परिणामिक लाभ देने के निर्देश यूनिवर्सिटी प्रशासन को दिए थे।

### कोर्ट में लगे हैं अवमानना के मामले

यूनिवर्सिटी द्वारा मार्च 2009 में नियमितीकरण का पुराने आदेश को निरस्त कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी का ही वेतन दिया गया। इसे मो. हारून, मेलाराम व अन्य ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसपर हाईकोर्ट के सिंगल बेंच ने माना कि यह कर्मचारी 10 साल से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। इनका नियमितीकरण का आदेश राज्य शासन ने यूनिवर्सिटी के रिक्त पदों के आधार पर ही किया है। इसके साथ ही कोर्ट ने समस्त लाभ देने का आदेश देते हुए कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश दिया था। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी, वहां भी यूनिवर्सिटी खिलाफ आदेश हुआ। यूनिवर्सिटी ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी लगाई जो निरस्त हो गई। इसके बाद रिव्यू पिटीशन लगाई जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। इसी मामले में धन्नू पांडेय समेत कुछ अन्य कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की है।

---

**ठेका कर्मचारियों की मनमानी से उपभोक्ता हलाकान**

# बदहाल व्यवस्था, रात भर बिजली रही बंद, फ्यूज काल सेंटर में ताला लगाकर भागे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हर महीनें मेंटनेंस के बावजूद बिजली व्यवस्था सुधरने के बजाए बिगड़ रही है। सोमवार की शाम आई आंधी के चलते शहर में सप्लाई व्यवस्था ठप रही, जिसके चलते उपभोक्ताओं को रात भर परेशान होना पड़ा, रात के बाद दिन में भी बिजली गुल रही। उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि फ्यूजकॉल सेंटर में आपरेटरों ने फोन उठाना बंद कर दिया है, वहीं कार्यालय पहुंचने पर फ्यूजकॉल सेंटर से कर्मचारी नदारद रहे।

■ **लगातार बंद हो रही बिजली से उपभोक्ताओं का टूट रहा सब्र**

बिजली बंद होना सामान्य बात है लेकिन बिजली का घंटों बंद होना और शिकायत के बाद भी मरम्मत के लिए कर्मचारी नहीं पहुंचना बिजली अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही दर्शाती है। ऐसा ही सोमवार की रात और मंगलवार की सुबह देखने को मिली। रात भर बिजली को लेकर परेशान लोगों ने सुबह होते ही बिजली कार्यालय का रूख किया लेकिन 24 घंटे बिजली का दावा करने वाली बिजली कंपनी के कार्यालयों में ताला लटका मिला। सिंधी कॉलोनी में पिछले 24 घंटों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल सका। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिना बिजली के रह रहे स्थानीय लोगों का आक्रोश फूटा और नेहरू नगर डिवीजन कार्यालय पहुंचें। इस दौरान कर्मचारियों व उपभोक्ताओं के बीच तीखी बहस भी हुई। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, छोटे बच्चों और गंभीर मरीजों को हो रही है। कई घरों में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जैसे जरूरी मेडिकल उपकरण बंद पड़ने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ गई और उन्हें परिजनों के घरों में शरण लेनी पड़ी।



### अधिकारियों की लापरवाही, नहीं होती है कार्रवाई

24 घंटे में भी बिजली कर्मचारी फॉल्ट खोजने में कोताही बरत रहे है, मरम्मत कार्य में देरी बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर करता है। उपभोक्ताओं ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व उच्च अधिकारियों से तत्काल जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान मोहन मदवानी, सुरेश बजाज, पवन मोटवानी, अशोक श्रीवास, सन्नी लाहौरानी, नरेश लालवानी, रामलाल चंदानी हरिकिशन गंगवानी, अंजू लालचंदानी, परमानंद गिदवानी, करण जेठानी बिजली की समस्या को लेकर बिजली कार्यालय पहुंचे।

### इंतजाम किया जाएगा

सोमवार को आंधी के कारण कई जगहों पर बिजली बंद रही, रात होने के कारण काम में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा, इस दौरान लगातार शिकायत मिल रही थी, कई बार आपरेटर डर के मारे, सेंटर छोड़ जाता है लेकिन ऐसी दिक्कत नहीं आए, इसका इंतजाम किया जाएगा।

**-एके अम्बस्ट,** कार्यपालक निर्देशक, बिजली विभाग

### ऐसी थी फ्यूज कॉल की हालत

**नेहरू नगर :** कुदुदंड, महामाया विहार, नेहरू नगर, शेफर स्कूल के आसपास के क्षेत्रों में सोमवार की रात से बिजली बंद रही, इस दौरान आधी रात को कुदुदंड में लो वोल्टेज से बिजली सप्लाई हो सकी, यह समस्या दिन भर रही लेकिन जब उपभोक्ता शिकायत लेकर पहुंचे, उस दौरान फ्यूज कॉल सेंटर में कोई भी मौजूद नहीं था। उपभोक्ताओं ने कहा कि रात भर से फोन नहीं उठा रहा है।

**श्याम टाकिज:** शहर के बीचो बीच बना श्याम टाकिज फ्यूज कॉल सेंटर लोगों की बिजली बंद की शिकायत सुनने को तैयार नहीं है। सुबह 9 बजे उपभोक्ता शिकायत लेकर पहुंच लेकिन कार्यालय सूनसान रहा, कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। खास बात यह है कि 3 शिफ्ट का ठेका लेने वाले ठेकेदार महज 2 शिफ्ट की ड्यूटी करा रहे है।

**पीजीबीटी कालेज:** दयालबंद, नारियल कोठी में लगातार बिजल बंद की शिकायत सामने आ रही है, करबला रोड में रोजाना जम्पर जलने और ट्रांसफार्मर का डियो गिरने की नौबत आ रही है। विनोबा नगर में भी बिजली समस्या आम हो चुकी है, लेकिन सुबह 9.30 बजे यहां फ्यूज कॉल सेंटर बंद मिला, यानी शिकायत सूनने वाला कोई भी मौजूद नहीं था।

# दूसरों के जीवन को खतरे में डालकर स्टंट करते वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** दूसरो के जीवन को खतरे में डालकर एक्टीवा में लैला मजनू की वीडियो सोशल मीडिया में जोरो से वायरल हो रही है। पुलिस एक्टीवा सवार के पतासाजी में लग गई है।

28 अप्रैल को सोशल मीडिया में एक युवक के एक्टीवा चलाते और दूसरा युवक गर्लफ्रेंड को उल्टा होकर गले लगातार लैला मजनू की तर्ज पर स्टंटबाजी करते हुए वीडियों सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। उक्त वीडियो रतनपुर रोड की बताई जा रही है। युवक युवती स्टंटबाजी करते हुए अश्लीलता परोस रहे हैं साथ ही दूसरे लोगों के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। देखने वाली बात यह है कि पुलिस लैला मजनू को कब तक पकड़ पाती है। हाईकोर्ट के नाराजगी के बाद पुलिस लगातार स्टंटबाजी करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। उसके बाद भी युवक व युवती स्टंटबाजी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ट्रैफिक



एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने बताया कि वीडियो रतनपुर रोड में बनाई गई। गाड़ी नम्बर दिखाई नहीं दे रहा है। वीडियों के माध्यम से युवक युवती की तलाश की जा रही है। उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### भुरकुंडा और सोडाडीह के नाले पर रपटा बनाने की मांग

**बिलासपुर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर संजय अग्रवाल ने लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने अधिकांश मामलों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल एवं संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे ने भी लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज ग्राम भुरकुंडा के ग्रामीणों ने बड़े नहर पार मार्ग पर वर्षों से सड़क नहीं बनने की समस्या उठाई। उनका कहना है कि खुंटाघाट से सोन तक करीब 46-47 मील के बीच चार पहिया वाहन नहीं चल पाते और बरसात के समय पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने लगभग 2 किलोमीटर तक सड़क निर्माण कराने की मांग की है। वहीं भुरकुण्डा के ग्रामीणों ने भुरकुण्डा और सोडाडीह के बीच छोटे नाले पर पुलिया (रपटा) निर्माण के संबंध में कलेक्टर से मुलाकात की। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया नहीं होने से आवागमन बाधित होता है, खासकर बारिश के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है।

# एसईसीएल सीएमडी ने दिलाई सुरक्षा की शपथ

**विश्व कार्यस्थल सुरक्षा व स्वास्थ्य दिवस- 2026 का आयोजन**

बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय प्रांगण में 28 अप्रैल को "विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस - 2026" के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस - 2026" की थीम - "आइए एक स्वस्थ मनो सामाजिक कार्य वातावरण सुनिश्चित करें" है।





कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन दवारा निदेशक (तकनीकी संचालन) एन फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक तकनीकी (योजना-परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि हमें अपने माइन व मशीन के साथ -साथ अपने मेनपावर की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए, हमें अपने कार्यस्थल पर स्वस्थ्य वातावरण निर्मित कर रखना चाहिए ताकि उसका सकारात्मक परिणाम हमें मिले। उन्होंने कहा सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक कर्मचारी शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी सुरक्षित और समर्थ महसूस करे। उन्होंने कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में शारीरिक व्यायाम को सदैव अपनाए रखना चाहिए इससे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। मनो सामाजिक कार्य वातावरण ही सतत उत्पादन और संगठात्मक उत्कृष्ठता की आधारशीला है। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष कोल इंडिया लिमिटेड के संदेश का पठन महाप्रबंधक (सुरक्षा/बचाव) प्रकाश राय दवारा किया गया, जिसमें सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर अमल व सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया था।

# जिपं विशेष सामान्य सभा में निंदा प्रस्ताव पास, कांग्रेसी सदस्यों का बहिष्कार

**बिलासपुर।** जिला पंचायत में मंगलवार को शाम 4 बजे विशेष सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी। लेकिन कांग्रेसी सदस्यों को यह पहले से भनक लग गई थी कि इस बैठक में महिला बिल संसद में पास नहीं होने पर सामान्य सभा में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। इसलिए कांग्रेसी सदस्यों ने बहिष्कार कर दिया और एक भी सदस्य बैठक में नहीं पहुंचे। वहीं जिला पंचायत में सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्यों ने निंदा प्रस्ताव पारित किया।

जिला पंचायत में आज जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी की अध्यक्षता एवं सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में विशेष सामान्य सभा की बैठक शाम को हुई। बैठक के लिए दो एजेंडा ज्ञान भारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण एवं सुशासन तिहार पर पहले चर्चा हुई। इसके बाद विशेष सामान्य सभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पारित न होने पर भाजपाई सदस्यों द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों का कहना था कि जिस आधी आबादी ने इस राष्ट्र के निर्माण में अपना सर्वस्व अर्पण किया, उन्हें उनके संवैधानिक अधिकार से दूर रखने के लिए इंडिया गठबंधन ने संसद में एकजुट होकर एक नकारात्मक और संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया। जहां भाजपा ने महिलाओं को नीति निर्माण की मेज पर ससम्मान बैठाने की दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई वहीं विपक्षी दलों ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस प्रयास पर प्रहार कर देश के समावेशी लोकतंत्र की आत्मा को आहत किया है। इसलिए सदस्यों ने शपथ लिया कि इस छलावे और महिला विरोधी सोच को घर-घर तक पहुंचाएंगे। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित उपाध्यक्ष ललिता कश्यप, भारती माली, अंबिका साहू, निरंजन सिंह पैकरा, राधा पटेल, जयकुमारी आदि ने निंदा प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान कांग्रेस के एक भी जिला पंचायत सदस्य उपस्थित नहीं थे, क्योंकि उन्हें पहले से भनक लग गई थी कि बैठक में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा इसलिए उन्होंने बैठक का एक तरह से बहिष्कार कर दिया और कोई भी सदस्य नहीं पहुंचे। विशेष सामान्य सभा में जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल ने सुशासन तिहार की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के प्राथमिकताओं में जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुशासन तिहार तहत 1 मई से 10 जून तक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक 15-20 ग्राम पंचायतों के समूह पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

■ **नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल संसद में पास नहीं होने पर इंडिया गठबंधन के खिलाफ निंदा प्रस्ताव**

**एमबीए, एमकॉम, एमए, एमएससी के कोर्स शामिल**

# ओयू को 10 आनलाइन कोर्सेस के लिए यूजीसी से मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुन्दरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी को यूनिवर्सिटी अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा दो स्नातक व आठ स्नातकोत्तर मिलाकर कुल 10 ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन की मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि यूनिवर्सिटी के लिए ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी, जिससे प्रदेश में डिजिटल शिक्षा को नई गति मिलेगी।

यूनिवर्सिटी द्वारा इन पाठ्यक्रमों का संचालन आगामी शैक्षणिक सत्र जून–जुलाई 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को घर



बैठे पढ़ाई, नौकरी या अन्य जिम्मेदारियों के साथ पढ़ाई जारी रखने का अवसर मिलेगा। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों, महिलाओं व किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ चुके लोगों के लिए यह पहल विशेष रूप से लाभकारी होगी, जहां पारंपरिक शिक्षा तक पहुंच सीमित रहती है। यूजीसी से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में स्नातक स्तर पर बीए हिन्दी, राजनीति शास्त्र एवं समाजशास्त्र तीन वर्ष 6 सेमेस्टर तथा बीलिब पुस्तकालय विज्ञान एक वर्ष के पाठ्यक्रम शामिल हैं। वहीं स्नातकोत्तर स्तर पर एमए अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षा, एमएससी गणित, एमकॉम वाणिज्य एवं एमबीए बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं, जिनकी अवधि सामान्यतः दो वर्ष एमबीए के लिए 4 सेमेस्टर निर्धारित की गई है। ऑनलाइन माध्यम से अध्ययन सामग्री, वर्चुअल क्लास, रिकॉर्डेड लेक्चर, ई-कंटेंट समेत अन्य आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

### विद्यार्थियों के लिए लाभ

ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को अनेक व्यावहारिक लाभ मिलेंगे। वे अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी और कभी भी अध्ययन कर सकेंगे, जिससे समय और स्थान की बाधाएं समाप्त होंगी। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत ने कहा कि यूजीसी द्वारा प्राप्त यह मान्यता यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी सक्षमता का प्रमाण है। आज के समय में उच्च शिक्षा को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिक सुलभ बनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है और हमारा यूनिवर्सिटी इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आगे कहा कि इन ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से उन विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा जो भौगोलिक, आर्थिक या व्यावसायिक कारणों से नियमित कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पाते। यह पहल एजुकेशन फॉर ऑल की अवधारणा को मजबूत करेगी और प्रदेश के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करेगी।

# धान के लिए अमृत बनकर बरसा पानी

**बिलासपुर।** गर्मी का धान लेने वाले किसानों के लिए सोमवार को हुई बारिश अमृत से कम नहीं है। जिले में कहीं गर्मी के धान की कटाई की जा चुकी है, तो कहीं-कहीं अभी पौधों में बालियां आनी शुरू हुई है। गांव के तालाब सूख चुके हैं, वहीं ज्यादातर ट्यूबवैल भी सिंचाई लायक पानी देने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में पानी की भारी कमी के बीच हुई बारिश से किसानों में खुशी की लहर है।

जिले में इस साल 9 हजार 1 सौ हेक्टेयर रकबे में गर्मी के धान की फसल ली गई है। जल्दी थरहा लगा देने वाले किसानों ने अपने गर्मी के धान की फसल काट ली है, वहीं जिन किसानों ने लेट से थरहा लगाया था, उनके खेतों में अभी पौधों में बालियां आ रही हैं। बालियां आने के दौरान फसल को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। जबकि गांवों में पानी की उपलब्धता की स्थिति फिलहाल अच्छी नहीं है। ज्यादातर गांवों में तालाबों में या तो एकदम कम पानी है, जो केवल निस्तारी के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। जबकि अनेक गांव ऐसे भी हैं जहां तालाबों में पानी ही नहीं है। इधर गर्मी का धान लेने वाले कई किसान ऐसे भी हैं, जिनके बोर सूख चुके हैं, जिससे फसल की सिंचाई के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में बिना पानी के फसल बचा पाना संभव नहीं है। सोमवार को पूरे दिन तेज धूप रहने के बाद अचानक मौसम में आए बदलाव ने किसानों की चिंता काफी हद तक कम कर दी। कुछ देर की ही सही, लेकिन बारिश ने धान की फसल के लिए अमृत का काम किया है। लगभग मरने की हालत में पहुंच चुकी फसल को एक घंटे की बारिश ने जीवनदान दे दिया है। किसानों का कहना है कि बारिश का पानी मिलने के बाद अब फसल को पानी की जरूरत नहीं होगी। फसल कटाई तक के लिए पौधों को पानी मिल चुका है।

## खबर संक्षेप

### आप कार्यकर्ताओं ने संदीप के घर के सामने लिखा गद्दार

**लालपुर।** ग्राम बटहा में राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के पैतृक घर के सामने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा दीवार पर अंग्रेजी में गद्दार लिखने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कार्यकर्ता ने घर के सामने पहुंचकर नारेबाजी, की और दीवार पर नारा लिखकर विरोध जताया। हालांकि उस समय उनके परिजन घर अंदर रहे। परिजन ने सुरक्षा की दृष्टि से चिंता व्यक्त की है।

### दोपहर 12 से शाम 3 बजे तक पशुओं से कार्य प्रतिबंधित

**मुंगेली।** परिवहन एवं कृषि पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर जिले में 30 जून तक दोपहर 12 से शाम 3 बजे तक पशुओं से भारवाहन व सवारी कार्य को प्रतिबंधित किया है। माह मई और जून में जिले का तापमान 37 डिग्री सेण्टीग्रेड से अधिक रहने की संभावना है, इतने अधिक तापमान में पशुओं पर सामाग्री रखकर व सवारी परिवहन करने पर पशु बीमार हो सकते हैं, या उनकी मृत्यु हो सकती है। कलेक्टर ने उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

### 1 मई को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 1 मई को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। उक्त तिथि में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए गए हैं।

## निधन

### सतीश वर्मा

**बिलासपुर।** जूनीलाइन निवासी और एसईसीएल के सेवानिवृत्त वरिष्ठ



जनसंपर्क सहायक सतीश वर्मा का 67 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अप्रैल बुधवार की सुबह 9 बजे जूनीलाइन स्थित आवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. कृष्णचंद्र वर्मा एवं स्व. मनोरमा वर्मा के सुपुत्र, राजेश, विजय, नरेश, अजय वर्मा के भाई, साक्षी, सृष्टि के पिता थे।


न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रं. ......../ब-121/2025-26
ग्राम सांवाताल... उप-तहसील सकर्रा तहसील सकरी, बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश सिंह राजपूत पिता स्व. कुंवर सिंह राजपूत निवासी 27 खोली बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग के द्वारा अपने पिता कुंवर सिंह राजपूत पिता सारधा सिंह की जन्म/मृत्यु दिनाँक 19/08/2014 को ग्राम सावाताल में होने के कारण जन्म/मृत्यु का रजिस्ट्रीकरण म.प्र. जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969, छत्तीसगढ़ जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संसोधन) अधिनियम 2023 के धारा 13(3)/9(3) के तहत जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा /आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15/5/26 के पूर्व अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 22/4/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सकर्रा, तहसील सकरी


## अब तक नहीं हुआ भवन का चयन, अटका मामला

# सकरी रजिस्ट्री कार्यालय की राह में रोड़ा बना नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

क्षेत्र के 74 गांवों के किसानों और आम नागरिकों की मांग को पूरा करते हुए जनप्रतिनिधियों ने सकरी को रजिस्ट्री कार्यालय की सौगात तो दिला दी, लेकिन नगर निगम की उदासीनता इस महत्वपूर्ण पहल में बड़ी बाधा बनती नजर आ रही है। राजस्व एवं पंजीयन विभाग द्वारा 20 अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन जारी किए जाने के बाद से सकरी में रजिस्ट्री कार्यालय खोलने की कवायद तेज हो गई है। विभागीय अधिकारियों ने उपयुक्त भवन की तलाश भी शुरू कर दी है, जिसमें नगर निगम के दो खाली भवन उपयुक्त पाए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, पुराने तहसील कार्यालय भवन और एक अन्य निगम भवन को रजिस्ट्री कार्यालय के लिए उपयुक्त माना गया है। बावजूद इसके, नगर निगम प्रशासन इन भवनों को उपलब्ध कराने से इंकार कर रहा है, जिससे पूरा मामला अटक गया है। यदि सकरी में रजिस्ट्री कार्यालय खुलता है, तो आसपास के 74 गांवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

वर्तमान में जमीन की रजिस्ट्री के लिए लोगों को तखतपुर जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। स्थानीय स्तर पर कार्यालय खुलने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। जानकारों का कहना है कि एक ओर शासन आम जनता को सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराने की बात करता है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर ही इस तरह की अड़चनें खड़ी होना प्रशासनिक समन्वय की कमी को उजागर करता है।



### सकरी में होगी 74 गांवों की रजिस्ट्री

नवीन उप पंजीयक कार्यालय में नगर निगम क्षेत्र के सकरी, अमेरी, उसलापुर, घुरू, ग्रामीण क्षेत्र हांफा, जोकी, अमसेना, उड़ेला, केकड़ार, कबराकापा, कुरेली, कोड़ापुरी, कोपरा, खजुरी,खरकेना, चिचिरदा, छतौना, ठाकुरकापा, डिघोरा, पथराली, पाली, बूटेना, बेलमुंडी, बोड़सरा, मेढ़पार छोटा, मेढ़पार बाजार, मुरू,सकेरी, सकर्रा, सैदा, सावताल, सिंघरी, सरसेनी, काठाकोनी, खजुरी नवागांव, चोरभट्ठीखुर्द, तुर्काडीह, दबेना, निरतु, देवरीकला,पेंडारी, परसदा, पांड़, बहतराई, बिनौरी, भरनी, मेंड्रा, लोखंडी, विंध्यासार, संबलपुरी, कपसिया कला, कपसिया खुर्द, कलमीटार, खरगहना, गनियारी, गोकुलपुर, गौबंद, घुटकू, चोरभट्ठिकला, टांडा, दर्रीकांपा, घोंघाडीह, नेवरा व पथर्रा के कृषकों को सीधा लाभ मिलेगा और इन्हें रजिस्ट्री के लिए तखतपुर नहीं जाना पड़ेगा।

### भवन उपलब्ध नहीं

हम स्वयं जगह के आभाव में कार्य कर रहे हैं। हमारे दोनों भवन के रिपेयरिंग के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, रिपेयरिंग के पश्चात हम उसका उपयोग करेंगे। हमारे पास भवन उपलब्ध नहीं है कमिश्नर साहब को इसकी जानकारी दी जा चुकी है।

-रंजना अग्रवाल, जोन कमिश्नर

### शीघ्र शुरू कराने का प्रयास

भवन की तलाश जारी है, एक दो भवन देखे भी हैं, जल्द ही भवन उपलब्ध करवा कर सकरी में उप पंजीयक कार्यालय शुरू करवा दिया जाएगा।

-नितिन तिवारी, एसडीएम

### भवन की तलाश

फरवरी में पंजीयक सहित राजस्व अधिकारी सकरी में उप पंजीयक कार्यालय के लिए भवन की तलाश में गए थे। दो भवन उपयुक्त लगे थे, लेकिन निगम ने इन भवनों को अपने उपयोग का होना बताकर देने से मना कर दिया। फिर से भवन की तलाश की जा रही है।

- आशीष तिवारी, उप पंजीयक तखतपुर

## धान खरीदी केंद्र में 66 लाख से अधिक का गबन, प्रभारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

धान खरीदी केंद्र धरदेई में लाखों रुपए के गबन का बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धान केंद्र प्रभारी कार्तिक को गिरफ्तार कर ज्ल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा सरगांव में पदस्थ प्रार्थी मोहर दास आर्य ने शिकायत दर्ज कराई थी कि, वर्ष 2025-26 के धान खरीदी सत्र के दौरान धान उपार्जन केंद्र धरदेई में भारी अनियमितता हुई है। इस पर संयुक्त जांच टीम की जांच में 2 हजार 156.08 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जिसकी कीमत लगभग 66, लाख 848 आंकी गई है। जांच में सामने आया कि, केंद्र प्रभारी कार्तिक राम ध्रुव ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए धान खरीदी में लापरवाही बरती और कूटरचित तरीके से रिकॉर्ड में हेरफेर कर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। इस मामले में थाना



पथरिया में धारा 316(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 26 अप्रैल को आरोपी को नांदघाट जिला बेमेतरा से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद धान खरीदी रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेज जब्त किए गए। आरोपी कार्तिक राम ध्रुव 53 वर्ष निवासी झुलनाकला थाना पथरिया को 27 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## अटल ने किया जयस्तम्भ का लोकार्पण



**बिलासपुर।** कोटा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरझिटी में सतनामी समाज द्वारा संत गुरु घासी दास के जयस्तम्भ का नवनिर्माण कराया गया है, जिसका विधिवत लोकार्पण एवं ध्वजा रोहण समारोह सम्पन्न हुआ।

समाज के प्रमुख द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर बाबा के जयकारे के साथ ध्वज पूजन किया। ध्वजा रोहण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अटल श्रीवास्तव थे। इस अवसर पर विधायक अटल श्रीवास्तव ने जयस्तम्भ के निर्माण के लिए समाज के प्रमुखजनों को बधाई दी और बाबा के मार्ग पर चलने की अपील की। समाज को शिक्षित और संगठित करने पर बल दिया। अटल श्रीवास्तव ने अपने विधायक निधि से आहाता एवं मंच निर्माण हेतु सहायता करने की घोषणा की। विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरूण त्रिवेदी महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा घृतेश महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीणा मसीह सरपंच ग्राम पंचायत संतोषी ध्रुव मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष परमेश्वर मिरी विधायक प्रतिनिधि आर आर मिरी प्रदेश प्रवक्ता अभयनारायण राय उत्तम चतुर्वेदी राजकुमार बघेल राजेश्वर मेश्राम अश्वनी मिरी हेमलाल बघेल भुनेश्वर लहरे सहित ग्राम के उपसरपंच पंच एवं समाज के महिलाए बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ट्रेक्टर की टक्कर से दुपहिया सवार घायल




**तखतपुर।** ट्रेक्टर चालक ने तेजी गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुपहिया सवार को पीछे से ठोकर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोढ़े निवासी परसराम धुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 27 अप्रैल को लगभग रात्रि 8 बजे उसका बड़ा बेटा तिलकराम धुरी बरेला से काम कर अपनी स्पलेंडर मोटर साकयल सीजी 10 सीबी 3632 से वापस अपने ग्राम मोढ़े आ रहा था। वह ग्राम जलभरत के पास पहुंचा था, तभी पीछे से आ रहे नीले रंग के सोनालीका ट्रेक्टर के चालक रामचरण धुरी ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसे पीछे से टक्कर मार दी। घटना में तिलकराम के बाएं कंधे व सिर मे चोट आई है, जिसका इलाज जारी है।

# 1 मई से स्वगणना अभियान, मोबाइल लिंक कर खुद देनी होगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

- शिक्षक, प्रगणक व सुपरवाइजर संभालेंगे जागरूकता की कमान

राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर बिलासपुर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार 1 मई से जनगणना कार्य प्रारंभ होने के पूर्व स्व-गणना अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत नागरिकों को मोबाइल लिंक के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विकासखंड मस्तूरी में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों, प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। ये सभी कर्मचारी न केवल स्वयं स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे, बल्कि आमजनों को भी इसकी जानकारी देकर अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। अभियान का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और व्यापक बनाना है, ताकि हर नागरिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। अधिकारियों ने अपील की है कि, आमजन इस राष्ट्रीय कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और मोबाइल लिंक के माध्यम से स्वगणना कर देश के विकास की योजनाओं को सशक्त बनाने में सहयोग करें। जनगणना से प्राप्त आंकड़े ही भविष्य की नीतियों और योजनाओं की आधारशिला होते हैं, ऐसे में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।



## दो दिनों के भीतर 76 वारंटी गिरफ्तारी

**कोरबा।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के तहत सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली हेतु विशेष अभियान चलाया गया। 27 व 28 अप्रैल को जिला पुलिस द्वारा सघन दबिश अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 27 अप्रैल को 7 स्थायी वारंटी एवं 19 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए, वहीं 28 अप्रैल को 19 स्थायी वारंटी एवं 24 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए। इसी तरह दो दिन के भीतर 26 स्थायी वारंटी एवं 50 गिरफ्तारी वारंटी तामील कर कुल 76 वारंटियों/आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे।

## जेएमपी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**तखतपुर।** कड़ी मेहनत और पक्का इरादा, सफलता की प्रथम सीढ़ी है। यह बातें हिन्दी शासकीय जनकलाल मोतीलाल पांडेय बालक स्कूल तखतपुर का परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए प्राचार्य रविकांत दुबे ने कही। परीक्षा परिणाम में कक्षा नवमी में प्रथम स्थान पर प्रेक्षा पटेल 92.16 प्रतिशत, द्वितीय नीलू धुरी 81 प्रतिशत, व तृतीय स्थान पर माधुरी पात्रे 79.17 प्रतिशत रहीं। इसी प्रकार कक्षा 11वीं कला में प्रथम जागृति यादव 73.4 प्रतिशत, द्वितीय शैली लाल 72.4 प्रतिशत व तृतीय रंजीता सूर्यवंशी 71.2 प्रतिशत रहीं। ग्यारहवीं ब में प्रथम जयदीप पटेल 76.8 प्रतिशत, द्वितीय सुनैना पटेल 76.4 प्रतिशत व तृतीय ज्योति धुरी 76 प्रतिशत रहीं। ग्यारहवीं स में पहला स्थान अभिनव बंजारे 81.4 प्रतिशत, दूसरा स्थान अरुण धुरी 73.6 प्रतिशत व तीसरा स्थान कुलदीप 70.6 प्रतिशत ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य रविकांत दुबे, व्याख्याता श्रीकांत मिश्र, संजय ठाकुर, सीबी देवांगन, सोनिया सोनी, विनोद जायसवाल, माधुरी राजपूत, विनोद चंद्रवंशी, अमित कौशिक, ललित कश्यप, कुशल धुरी, शौर्या दुबे, शेखर महिलांग एवं मूलचंद धुरी उपस्थित रहे।



## सेजेस पंधी में 9वीं व 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**लगरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पंधी में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा एक समारोह आयोजित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संजय शर्मा ने की एवं आतिथि के रूप में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा एवं पंधी सरपंच मौजूद रहे। प्राचार्य संजय शर्मा ने कहा कि, सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण से प्राप्त होती है। विद्यालय मे कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 63.56 प्रतिशत तथा कक्षा 11वीं का परिणाम 81.12 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में शाहीन परवीन व 11वीं में सिद्धांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम तैयार करने में स्थानीय परीक्षा प्रभारी व्याख्याता अर्चना देवांगन एवं कक्षा शिक्षकों की टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में व्याख्याता अपर्णा त्रिपाठी, रोमा सरकार, अर्चना देवांगन, शुभाश्री साहू, केशनी साहू, माधुरी कौशिक, मौली गुइन, हेमंत शर्मा, सुरेश टाइगर, प्रीति पांडेय, मधु मनहर, मॉली गुईन, राजकुमार राठौर, संतोषी केंवट व पालक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कृषि व्यापारी संघ ने सरकार के सामने रखीं मांगें



**तखतपुर।** कृषि व्यापारी संघ तखतपुर द्वारा खाद एवं कीटनाशक के विक्रय में हो रही समस्या का आह्वान किया गया, जिसमें सभी व्यापारियों ने अपनी दुकान बंद कर अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखा। व्यापारियों की मांगों में टैगिंग बंद करने, रिटेल गोदाम तक फॉर पहुंचाने, डीलर मार्जिन 8 प्रतिश करने, सैंपल फेल कंपनियों कार्रवाई करने, डीलर गवाह रहने, बीज का साथी पोर्टल कंपनियों तक सीमित रखने की मांग शामिल थी। साथ ही मांगों को ना मानने एवं समस्या दूर नहीं करने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई। मांगों को लेकर कृषि विशिष्ट अधिकारी श्रीएल पेकर एवं तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला को ज्ञापन सौंपा गया। उपस्थित व्यापारी संघ के संरक्षक संतराम मच्छएनी एवं बसंत गुप्ता अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, उपाध्यक्ष नदीम अंसारी, सचिव अनुराग गुप्ता, मनोज सिंगरौल, अनिल गुप्ता, रूप चन्द सिंगरौल, देव सिंगरौल, राजेश ठाकुर, जनार्दन देवांगन, गोलू, सोनू पटेल, अनुराग, राज कुमार यादव एवं अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।


### गुमशुदा सूचना



नाम-**तुलसीराम यादव** उम्र 80 साल पता-ग्राम-बकरकुदा पो. टिकारी व्हया मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) का निवासी है जो कि 20/04/2026 को सुबह 9 बजे घर से निकला है जो अभी तक वापस नहीं आया है। जिस किसी को ये सज्जन मिले और कुछ भी जानकारी होने पर कृपया करके दिये गए नंबर पे सूचित कर मदद करें

**मोबाइल नंबर - 7000874747**
**नरोत्तम यादव-7828697455**
**पंकज यादव - 7987282803**
**नितेश यादव - 8821940112**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

सूचना

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनाक 27/4/2026

प्रति, आवेदक फागेन्द्र कुमार पिता स्व. जे. आर बंजारे आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2 यशंवत 3. यादव 4. अध्यक्ष, सरकारी कर्मचारी सरकारी गृह निर्माण समिति मोपका

विषय: - सीमांकन में उपस्थिति बाबत एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह/ना तह/वा/2024 बिलासपुर, दिनांक 10/05/2026

ग्राम मोपका प.ह.न.0 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2141/4, 2332/7 रकबा 0.022, 0.022 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक फागेन्द्र कुमार निवासी रामालाईफ सिटी कालोनी बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 15/05/2026 को समय 10:00 से 05:00 के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, मोपका
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रं. ......../ब-121/2025-26
ग्राम सांवाताल... उप-तहसील सकर्रा तहसील सकरी, बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश सिंह राजपूत पिता कुंवर सिंह निवासी सावांताल तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग के द्वारा अपने माता नीरा राजपूत पति कुंवर सिंह की जन्म/मृत्यु दिनाँक 12/05/2003 को ग्राम सावाताल में होने के कारण जन्म/मृत्यु का रजिस्ट्रीकरण म.प्र. जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969, छत्तीसगढ़ जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संसोधन) अधिनियम 2023 के धारा 13(3)/9(3) के तहत जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा /आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15/5/26 के पूर्व अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 27/4/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सकर्रा, तहसील सकरी

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर,तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

सूचना

क/क/रा.नि./2026
जूना बिलासपुर दिनांक 23/02/2026

प्रति, 1. उमेश अग्रवाल 2. प्रभारी अधिकारी नगर पालिका निगम बिलासपुर 3. सुन्दर सिंह अन्य सर्वसंबंधित हितबद्ध पक्षकार।

(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज / आवेदक के बताए अनुसार)

विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क/क्र/ तह/वाचक/2026 बिलासपुर दिनांक 10/04/26

आवेदक उमेश अग्रवाल निवासी बिलासपुर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 रा.नि.म. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 845/3 रकबा 0.1620 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 20/05/26 को समय 10 से 5 बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पच स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप:- 1-आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक,जूना बिलासपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री अंकित जैन, निवासी आर-2, विनोबा नगर, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), द्वारा मौजा खम्हरिया, रा.नि. म. जरौंधा, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 593/2, रकबा 0.2310 हेक्टेयर, जो कि वर्तमान में राजस्व अभिलेखों में श्रीमती कांति बाई, पिता समेलाल कौशिक, निवासी खम्हरिया, पोस्ट काठाकोनी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम दर्ज है, को क्रय करने हेतु अनुबंध किया गया है एवं पंजीयन प्रस्तावित है; अत: उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई अधिकार, दावा या आपत्ति हो तो वे इस सूचना के प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर समुचित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के पते/मोबाइल पर प्रस्तुत करें, अन्यथा पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक:

अधिवक्ता कपिल मैनी
उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़
पता: H-2/130, नर्मदा नगर, बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9340386800
मुवक्किल: अंकित जैन
(मो. 9522221145)

कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक 2370/वा./वि.अ./2026
मुंगेली, दिनांक 15.04.2026

आवेदक श्री याशिष सोनवानी आ. राधेश्याम सोनवानी, उम्र 24 वर्ष, जाति-सतनामी, निवासी ग्राम दिनदयाल उपाध्याय वार्ड, सोनकर सिटी, तहसील व जिला-मुंगेली (छ.ग.) एवं आवेदिका निधि चोपकर आ. शरद चोपकर उम्र 24 वर्ष, जाति-तेली, निवासी ग्राम दिनदयाल उपाध्याय वार्ड, सोनकर सिटी, तहसील व जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-15 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना प्रकाशन सर्व साधारण के लिए किया जाता है। इस विवाह पर यदि किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 13.05.2026 को समय 03:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नही होगा।

अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी,
जिला-मुंगेली (छत्तीसगढ़)

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26 ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल सिंह राजपूत पिता बहोरन सिंह राजपूत जाति राजपूत निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री अकांक्षा राजपूत पिता कोमल सिंह राजपूत के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 08/05/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 23/04/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26 ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल सिंह राजपूत पिता बहोरन सिंह राजपूत जाति राजपूत निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री रेशमी राजपूत पिता कोमल सिंह राजपूत के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 08/05/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 23/04/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26 ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल सिंह राजपूत पिता बहोरन सिंह राजपूत जाति राजपूत निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र हरिश राजपूत पिता कोमल सिंह राजपूत के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 08/05/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 23/04/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

कमांक //तह./वाचक/2025 बिलासपुर
दिनांक 07/04/2025

ग्राम- जूना बिलासपुर प.ह.नं.21 के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश कुमार चौकसे पिता रामदयाल के द्वारा मौजा जुना बिलासपुर प.ह.न.29 स्थित खसरा नं. 681 रकबा 10325 भूमि जो आवेदक का/उनके पूर्वज को दिनांक 09/08/1999 को प्राप्त हुई थी जिसमें आवेदक बरसो से काबिज है। आवेदक द्वारा कब्जा प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 15/05/26 को सुबह 12.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 07/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
📍 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 📞 95224-66664, 62622-22003
📍 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 📞 9826446666
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



व्याख्यान

## नवजात शिशु के अंधत्व से बचने जन्म होते ही कराएं जांच

**बिलासपुर।** आशीर्वाद लेजर फेको नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ व रेटिना व आरओपी विशेषज्ञ डॉ ऐश्वर्य मढरिया ने दिल्ली आप्थाल्मालॉजिकल सोसायटी के 76 वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में आरओपी नवजात शिशु के अंधत्व से होने वाले अंधत्व के बचाव व इलाज पर व्याख्यान व शोधपत्र पड़े। डॉ. ऐश्वर्य मढरिया ने बताया हमारे देश में 2 हजार से 3 हजार के रेटिना स्पेशलिस्ट है, उनमें से केवल पांच प्रतिशत रेटीना स्पेशलिस्ट आरोपी का इलाज करते हैं। नवजात शिशु जो 36 सप्ताह से कम समय में जन्म लेते हैं, जिनका वजन 2 किलो ग्राम से कम होता है जो एनआइसीयू में 4 दिन से ज्यादा रहते हैं जिसे ज्यादा ऑक्सीजन देना पड़ता है। वे सब बच्चों के रेटिना विकसित नहीं हो पता है और तुरंत इलाज नहीं होने पर अंधत्व के शिकार हो जाते हैं, ऐसे बच्चों नवजात शिशु का नेत्र परीक्षण तुरंत जन्म डिस्चार्ज होने के तुरंत बाद और उनका रेगुलर जांच 1 सप्ताह से 1 माह में करने से उनके रेटिना के विकार का पता चल जाता है। डॉ ऐश्वर्य मढरिया ने बताया हमारे देश में लगभग 9 से 10 करोड़ लोग डायबिटीज के मरीज हैं इनमें से 15 से 20 प्रतिशत लोगों को डायबिटीज रेटिनोपैथी से रेटिना कमजोर होता है और पांच प्रतिशत लोग जिनकी संख्या लाखों में है हर वर्ष 2 से 3 लाख लोग डायबिटीज के कारण अपनी रोशनी खो देते हैं। अतः सभी डायबिटीज मरीजों को 6 माह में एक बार रेटिना का जांच जरुर करना चाहिए। सभी डायबिटीज मरीजों को अपना ब्लड शुगर कंट्रोल रखें नियमित रेटिना का जांच करके उनकी दृष्टि सुरक्षित रख सकते हैं, डॉ ऐश्वर्य मढरिया ने बताया की आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि 85 प्रतिशत डायबिटीज लोग अपनी रेटिना की जांच नियमित नहीं करते जिसके कारण लगभग 2 करोड़ लोगों की नजर कमजोर हो गई है।



# यूपीएससी प्रीलिम्स में प्रीवियस ईयर व मॉक पेपर होंगे गेम चेंजर, नीट में बढ़ेंगे थ्योरी आधारित प्रश्न

**मई माह में देश की दो बड़ी परीक्षाएँ आयोजित होने जा रही हैं। पहले सप्ताह 3 मई को मेडिकल प्रवेश के लिए नीट यूजी की परीक्षा होगी, वहीं अंतिम सप्ताह 24 मई को यूपीएससी प्रीलिम्स एग्जाम आयोजित किया जाएगा। ये दोनों परीक्षाएँ अभ्यर्थियों के भविष्य को तय करती हैं, इसलिए छात्र-छात्राएँ दिन-रात तैयारी में जुटे हुए हैं।**

### फोकस्ड पढ़ाई, सही रणनीति और समय प्रबंधन से ही मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षा में सफलता के लिए फोकस्ड पढ़ाई, सही रणनीति और समय का बेहतर प्रबंधन बेहद जरूरी है। सही टिप्स और ट्रिक्स अपनाकर अभ्यर्थी अपनी तैयारी को और मजबूत बना सकते हैं। आचार्या कोचिंग के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने बताया कि इस बार नीट परीक्षा में थ्योरी आधारित प्रश्नों की संख्या अधिक हो सकती है। पिछले वर्ष भी इस प्रकार के प्रश्न अधिक पूछे गए थे, जिससे कई छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ था। ऐसे में इस बार छात्रों को स्टेटमेंट आधारित प्रश्नों की तैयारी विशेष रूप से करनी चाहिए। वहीं, यूपीएससी 2024 में ऑल इंडिया रैंक 65 हासिल करने वाली पूर्वा अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रीवियस ईयर प्रश्न पत्रों का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। साथ ही परीक्षा पैटर्न को समझते हुए अधिक से अधिक मॉक टेस्ट हल करना जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि अभ्यर्थी अपने नोट्स बनाएं, नियमित रिवीजन करें और मैथ्स व फैक्चुअल विषयों पर विशेष ध्यान दें।



### डेढ़ बजे के बाद नहीं मिलेगी एंट्री

एनटीए द्वारा 3 मई को नीट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। छात्रों की सुबह 11 बजे से रिपोर्टिंग शुरू होगी, इसलिए समय से पहले सेंटर पहुँचना आवश्यक है। गेट क्लोजिंग टाइम दोपहर 1:30 बजे रहेगा, इसके बाद किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### दिल्ली जाने की जरूरत नहीं घर बैठे भी हो सकती है तैयारी



आईएएस पूर्वा अग्रवाल ने बताया कि अब बाहर जाकर तैयारी करने की सोच बदलने की जरूरत है। कोविड के बाद ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भरपूर स्टडी मटैरियल उपलब्ध है। कई बेहतरीन शिक्षक ऑनलाइन क्लासेस दे रहे हैं, जिससे घर बैठे भी प्रभावी तैयारी संभव है। हालांकि हिंदी माध्यम के छात्रों के लिए संसाधन अपेक्षाकृत कम हैं, लेकिन ऑनलाइन क्लासेस के माध्यम से काफी हद तक इसकी भरपाई की जा सकती है।

### मानसिक रूप से रहें तैयार

संदीप द्विवेदी ने कहा कि छात्रों को मानसिक रूप से भी मजबूत रहना होगा। यदि प्रश्न पत्र कठिन आता है तो घबराने के बजाय संयम बनाए रखें। पिछले वर्ष कई छात्रों का पेपर कठिन होने के कारण बिगड़ गया था। इसलिए सभी विषयों की मजबूत तैयारी करें और कमजोर विषयों का बार-बार अभ्यास करें।

### कटऑफ तय करेगा सरकारी कॉलेज में प्रवेश

नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश का सपना कटऑफ पर निर्भर करता है। पिछले वर्ष जनरल वर्ग में 473, ओबीसी में 472, एससी में 397 और एसटी वर्ग में 298 अंक पर सरकारी कॉलेज मिला था। कुल परीक्षा 720 अंकों की होती है, जिसमें 360 अंक बायोलॉजी, 180 फिजिक्स और 180 केमिस्ट्री के होते हैं।

जागरूकता

## अग्रवाल महिलाएं करेंगी नन्हें कदम सनातन की ओर शिविर



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की मंगलवार को एक बैठक हुई। इसमें आगामी मई महीने के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बच्चों के आने वाले भविष्य को सनातन एवं संस्कृति से कैसे जोड़े रखा जाए, इस महत्वपूर्ण विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 से 24 मई तक नन्हें कदम सनातन की ओर नामक एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें 8 से 18 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं भाग ले सकेंगे।



बैठक में संस्था की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष उषा अग्रवाल, प्रांतीय सह-सचिव मधु बगड़िया, अनीता अग्रवाल, सदस्य निर्मला अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, सुमन अग्रवाल उपस्थित रहीं। सभी ने अपेक्षा जताई कि सभी पूरे उत्साह के साथ इस नव-निर्माण कार्यक्रम में अपने बच्चों के भविष्य संरक्षण की श्रृंखला में अपनी सहभागिता देंगे।

# बांग्ला परिधान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा



बंगाली लेडीज़ क्लब ने मनाया वार्षिक उत्सव



बिलासपुर। बंगाली लेडीज़ क्लब बिलासपुर ने 32वां वार्षिक उत्सव पारंपरिक बंगला परिवेश में मनाया। इसमें समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने पारंपरिक बंगाली वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पीजीबीटी कॉलेज की प्राचार्या मीता मुखर्जी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि "बंगाली महिलाएं सामाजिक एवं सांस्कृतिक दायित्वों के निर्वहन में सदैव अग्रणी रही हैं, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने क्लब की महिलाओं द्वारा पिछले 32 वर्षों से निरंतर किए जा रहे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि गृह एवं व्यवसायिक जिम्मेदारियों के साथ समाज के लिए समय निकालना निःस्संदेह एक बड़ी उपलब्धि है। क्लब की अध्यक्षा मीता घटक ने स्वागत भाषण दिया और बताया कि संस्था की सदस्याएं विगत 32 वर्षों से सेवा कार्यों के साथ बांग्ला गीत-संगीत एवं नाट्य कला के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देती आ रही हैं। सचिव रिंकु गांगुली ने क्लब की वार्षिक गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। अंत में क्लब अध्यक्षा ने गत तीन वर्षों के अपने कार्यकाल में सहयोगी रहे एवं कला मंच में प्रस्तुति देने वाले सदस्यों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिमंती बनर्जी ने किया।

### विजेता हुए सम्मानित

मुख्य अतिथि ने सुगम संगीत प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बंगला नाट्य शिल्प में अमूल्य योगदान हेतु सौभिक "राजा" दास गुप्ता को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### हास्य नाटक का मंचन

सौभिक दास गुप्ता द्वारा लिखित एवं निर्देशित बंगला हास्य नाटक "अवार्ड" के मंचन को काफी पसंद किया गया। अल्पना रॉय, अंजलि बनर्जी, बीथिका मंडल, रिंकू डे ने ग्रुप सॉंग, शर्मिष्ठा मजूमदार ने एकल गीत, चंद्रिमा चटर्जी, अलीवा दास, मूनमून साहा, रूपा भट्टाचार्य, बिपुला, वंदना दास, सोमा दत्ता, अदिति जग्यासी व बिजोया भट्टाचार्य, स्वस्तिका बिश्वास, रीना चक्रवर्ती, रेखा दास, झूमा दास, मीरा हलदार, बर्नाली दास, बकुल पाल ने समूह नृत्य, हासी चटर्जी, शिमंती बनर्जी ने कविता पाठ किया। हास्य नाटक अवार्ड में मीता घटक, रिंकू गांगुली, राजा दास गुप्ता ने अभिनय किया।

### राजयोग भवन में चल रहा बाल संस्कार शिविर



## बच्चों को पढ़ाया गया नैतिक मूल्यों का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में चल रहे 'बाल संस्कार शिविर' के पांचवें दिन बच्चों को मानसिक सशक्तिकरण और नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया गया।



शिविर में मुख्य वक्ता और सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि हमारे विचार ही हमारे भविष्य और स्वास्थ्य की नींव रखते हैं। दीदी ने बच्चों को 'आभा मंडल' के बारे में विस्तार से समझाया और बताया कि हमारे शरीर के चारों ओर एक सूक्ष्म ऊर्जा क्षेत्र होता है। जिसे हिंदी में 'आभा मंडल' कहा जाता है। हम जैसा सोचते हैं और जो अनुभव करते हैं, उसी के अनुरूप हमारे आभा मंडल का रंग और ऊर्जा बदलती है। जब हम क्रोध करते हैं, किसी से ईर्ष्या रखते हैं, अपशब्दों या गाली का प्रयोग करते हैं या अत्यधिक जिद्दी बन जाते हैं, तो यह नकारात्मक ऊर्जा हमारे आभा मंडल को धुंधला और कमजोर कर देती है। एक दूषित आभामंडल न केवल हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बिगाड़ता है, बल्कि हमारे भाग्य और व्यक्तित्व पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

### जरूरी है भावनाओं को सही दिशा देना

स्वाति दीदी ने भावनात्मक नियंत्रण का महत्व समझाते हुए कहा कि आज के समय में बच्चों के लिए अपने गुस्से, डर और उदासी जैसी भावनाओं को सही दिशा देना बहुत जरूरी है। उन्होंने बच्चों को कुछ सरल अभ्यास कराया ताकि वे अपनी भावनाओं को सकारात्मक तरीके से नियंत्रित कर सके। उन्होंने बताया कि परिस्थितियां कैसी भी हो, शांत रहकर प्रतिक्रिया देना ही असली शक्ति है। शांत मन से लिए गए निर्णय हमेशा सही होते हैं। उन्होंने विचारों का पानी पर पड़ने वाले प्रभाव का स्लाइड शो के माध्यम से बच्चों को इन वैज्ञानिक तथ्यों से रूबरू कराया कि किस प्रकार पानी पर हमारे विचारों और शब्दों का सीधा प्रभाव पड़ता है। डॉ. इमोटो के प्रयोगों से सिद्ध हुआ है कि जब हम पानी को प्यार, कृतज्ञता और शांति के विचार देते हैं, तो उसके क्रिस्टल सुंदर और व्यवस्थित बनते हैं। इसके विपरीत, घृणा या क्रोध के शब्दों से पानी की संरचना बिगड़ जाती है। अंत में बच्चों ने राजयोग के अभ्यास के माध्यम से मन की शांति का अनुभव किया। खेल-खेल में बच्चों को एकाग्रता बढ़ाने के गुर भी सिखाए गए।

# गीत-संगीत की प्रस्तुति देकर किया आलेख पाठ

सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन बिलासपुर ने बंगाली नववर्ष के अवसर पर वर्षों बरोन अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें गीत-संगीत की प्रस्तुति देकर आलेख पाठ किया गया।

संस्था द्वारा संचालित वृद्धाश्रम आनंदो निकेतन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नववर्ष आह्वान संस्था गीत-धन धान्य पुष्प भोरा.. से किया गया। आलेख पाठ असित वरन दास एवं डॉ सोमा लाहिरी मल्लिक ने किया। निहार रंजन मल्लिक ने संगीत निर्देशन किया। सामूहिक गीत की प्रस्तुति देवाशीष सरकार, प्रबाल मुखर्जी, स्वप्ना जाना, अनीता गोलदार, जयश्री सरकार,



शुक्ला दास गुप्ता, मल्लिका सरकार, उमा दास, रेबा चौधरी ने दी। शुभांशु घोष, देवाशीष घटक, सुजीत मित्रा, डॉ चंदना मित्रा, प्रणति मजूमदार, असित दत्ता, सुजॉय दास गुप्ता, आशीष अधिकारी, रीता राय ने एकल संगीत पेश किया। इस मौके पर मानव चटर्जी, डॉ भारती भट्टाचार्य, शुक्ला दास गुप्ता, साहित्यकार उमा कांत खरे, सुजीत मित्रा, आरएन चटर्जी मौजूद थे। उपाध्यक्ष सुजीत मित्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हास्य नाटिका का मंचन

कार्यक्रम में सुमिता दास गुप्ता के निर्देशन में एक हास्य नाटिका जनगणना का मंचन किया गया। जिसमें सुमिता दास गुप्ता, मल्लिका सरकार, उमा दास, शेफाली घोष, रेबा चौधरी, पूर्णिमा सरकार, अर्चना साहा ने अभिनय प्रतिभा से मनोरंजन किया।

### पत्रिका उदयन का विमोचन

विशिष्ट अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक ने संस्था की वार्षिक पत्रिका उदयन का विमोचन किया और कहा कि सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन ने बांग्ला की साहित्य एवं सांस्कृतिक धारा को उत्कृष्ट रूप से संजोया है जो आने वाली पीढ़ी के लिए एक अनुकरणीय प्रभाव छोड़ेगा। पारथो भादुड़ी एवं असित वरन दास ने कहा कि पत्रिका का प्रकाशन सदस्यों के सहयोग से ही संभव हो पाया।

आयोजन

## कैंसर से डरे नहीं, कराएं समय पर इलाज



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने कैंसर अवेयरनेस पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ सुश्री परीडा ने जानकारी दी कि कैंसर जैसी बीमारी से डरना नहीं है बल्कि इसका समय पर इलाज कराएं। ऐसे बहुत से मरीज हैं जो उनके इलाज से ठीक होकर साधारण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी रहीं। आमंत्रित संगठन में मैत्रेई संगठन और अपोलो के डॉक्टर रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ने की। अतिथि श्रीमती विधानी, जीएलटी को-ऑर्डिनेटर मंगला देवरस, शोभा त्रिपाठी ने कैंसर मरीजों को मदद करने वाली स्पंदन संस्था की अध्यक्ष आराधना त्रिपाठी, मैत्रेई संगठन से शकुंतला जीतपुरे, ऊषा बाजपेई, किशोरी साहू का शॉल, श्रीफल एवं उपहार देकर सम्मान किया। इस मौके पर डॉ निशा परवीन, डॉ वर्षा कौशिक, मंजू तिवारी, मंजू मिश्रा, उषा मुदलियार, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, संजना मिश्रा, सीता तिवारी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन सचिव अर्चना तिवारी ने किया। सहयोग प्रथम उपाध्यक्ष मंगला देवरस का रहा।

स्पोर्ट्स न्यूज

# आदित्य के आलराउंड प्रदर्शन से बिलासपुर की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेंस अंडर 16 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में आदित्य व्यादवाल के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत बिलासपुर की टीम ने बीएसपी के खिलाफ पहला मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेंश कर लिया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में मेंस अंडर 16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को बिलासपुर ने अपना पहला मैच बीएसपी के मध्य सेक्टर 1 भिलाई में खेला बिलासपुर के कप्तान आशुतोष अवस्थी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पूरी टीम 55 ओवर में 212 रन बनाकर आउट हो गई। जतिन भतूड़ा ने 55 रन, आदित्य ब्यादवाल ने 42 और आरुष कापसे ने 38 रनों का योगदान दिया। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अरनव सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात बीएसपी ने बल्लेबाजी करते हुए 40.1 ओवर में 100 रन बनाकर आउट हो गई। आदित्य कुमार आर्या ने 27 रन, मोहम्मद



वासी हुसैन ने 20 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते आदित्य ब्यादवाल ने 4 विकेट और आयुष ने 2 विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर ने पहली पारी में 112 रनों की बढ़त बनाई। बिलासपुर की टीम दूसरी पारी खेलते हुए 44.2 ओवर में 178 रन बनाकर आउट हो गई। टीम की ओर से आदित्य ब्यादवाल ने 34 रन, देवांश यादव ने 32 रन और अंश कोरी ने 29 रनों का योगदान दिया। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते अरनव सिंह ने 5 विकेट और कुमार कृतार्थ द्विवेदी ने 4 विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर ने बीएसपी के मध्य 291 रनों का लक्ष्य रखा। बीएसपी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 42.5 ओवर में 188 रन बनाकर आउट हो गई। मोहम्मद वासी हुसैन ने 47 रन, सचिन कुमार ने 42 रन और अनंत कुमार गुप्ता ने 41 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए जतिन भतूडा और आयुष तीन तीन विकेट प्राप्त किए। आदित्य ब्यादवाल ने 2 विकेट प्राप्त किए। इस तरह बिलासपुर ने अपना पहला 102 रनों से जीत दर्ज किए और 6 अंक अर्जित किए। मैच के निर्णायक जिगर बावरिया और आशुतोष जाधव, स्कोरर विनोद देवघरे और आयुष सिंह ठाकुर, ऑब्जर्वर विक्रम दुबे थे। बिलासपुर अपना दूसरा मैच 1 मई को रायपुर ब्लू के मध्य सेक्टर 1 भिलाई में खेलेगी।



## खबर संक्षेप

### युवक को कार सवार युवकों ने मारा चाकू



बिलासपुर। बारात में वाहन से निकलने का रास्ता बना रहे युवक को कार सवार दो युवकों ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई बीआर यादव नगर निवासी महेन्द्र कुमार यादव उर्फ गोलू पिता अरूण यादव 26 अप्रैल को अपने दोस्त रमेश साहू के साथ बहतराई साहू भवन में एक कार्यक्रम में गया था। बहतराई रोड में बारात की वजह से गाड़ियों को आने जाने में असुविधा होने पर सभी दोस्त वाहनों के निकलने के लिए रास्ता बना रहे थे। इसी दौरान लाल रंग की बिना नम्बर की स्वीफ्ट कार में सवार मानू व मंथन वहां से गुजरे। कुछ दूर जाने के बाद फिर से दोनों वापस आकर महेन्द्र कुमार को उनकी कार क्यों रोकी थी कहते हुए गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से बारात में हड़कंप मच गया। पुलिस ने महेन्द्र की रिपोर्ट पर मानू, मंथन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

निगम ने रि-डवलपमेंट प्लान के तहत गार्डन को अमृत मिशन 2.0 योजना में शामिल किया

# दीनदयाल गार्डन बदहाल, फन पार्क बंद झूले टूटे, संवारने में खर्च होंगे 3 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार स्थित दीनदयाल गार्डन एक बार फिर बदहाल हो गया है और एक बार फिर इसके सुधार में 3 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना बनाई गई है। इस रि-डवलपमेंट प्लान के तहत दीनदयाल गार्डन को अमृत मिशन 2.0 योजना में शामिल किया गया है। इसमें गार्डन के पुराने प्रवेशद्वार से लेकर सबकुछ नया बनने जा रहा है। अमृत मित्र योजना तहत दीनदयाल गार्डन के देखरेख के लिए महिला स्व सहायता समूह को दिया गया है।

व्यापार विहार के पं. दीनदयाल गार्डन का संचालन वर्तमान में नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च कर व्यापार विहार स्थित दीनदयाल गार्डन को फन पार्क के रूप में बनवाया गया था और साज-सज्जा के साथ सौंदर्यीकरण के कार्य कराए गए थे। इसके बाद गार्डन संचालन के लिए रोटरी क्लब को दिया गया था, इसलिए रोटरी गार्डन के नाम से भी इसे जाना जाने लगा था। रोटरी क्लब की ओर से गार्डन में खर्च कर इसे फन पार्क बनाया गया। गार्डन के आधे हिस्से में बच्चों के मनोरंजन खेलकूद, झूले इत्यादि रखे गए। गार्डन में कैफेटेरिया बनवाया गया है जो बंद पड़ा है। कैफेटेरिया के बगल में बापू की कुटिया है, जिसमें सीनियर सिटीजन सुबह के समय योगा करने आते हैं। गार्डन का फाउंटेन भी बंद पड़ा है और गार्डन भीतर पानी सप्लाई पाइप लाइन खराब पड़ी है।





### पाथवे भी खराब

शहरवासियों का कहना है कि देखरेख और सुरक्षा के अभाव में असामाजिक तत्व झूले तक को काटकर ले गए हैं। पार्क के भीतर कुछ दिन पहले ही घास की कटाई की गई है, जिसका मलबा पड़ा है। चिल्ड्रन पार्क में अब सिर्फ कुर्सी और झूले का कबाड़ बचा है। पाथवे भी खराब हो गए हैं। फिसलपट्‌टी टूट चुकी है। यहां अक्सर बैठक करने वाले संगठन के नेता चाय, नाश्ता के लिए लाए सामान यहीं छोड़कर चले जाते हैं, इसके कारण गंदगी फैलती थी। यही नहीं इस पार्क के पीछे निगम ने कचरा डंप करना शुरू कर दिया है।

### शाम होते ही अंधेरा असामाजिक तत्वों का अड्डा

गार्डन में लाईटिंग की व्यवस्था बनाई गई थी, किन्तु कई जगहों की लाइटें खराब हो चुकी हैं, जिससे गार्डन में कहीं रौशनी तो रात के समय कहीं अंधेरा रहता है। गार्डन में साफ-सफाई का अभाव है क्योंकि गार्डन के पेड़, पोधों के सूखे पत्तों का जगह-जगह पड़े हुए हैं। रोटरी क्लब ने संचालन के दौरान यहां पहुंचने वालों से टिकट के नाम पर लिए गए रुपए से विकास कार्य करने का दावा किया गया था। सुविधाएं भी जुटाई गईं, लेकिन बाद में जब रोटरी क्लब के सदस्यों ने गार्डन की देखरेख करना छोड़ दिया तो झूले और अन्य सामान वापस ले गए। अब यहां शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने लगता है। ध्यान रहे कि यहां रोजाना 200 लोग पहुंचते हैं। इनमें अधिकांश सीनियर सिटीजन होते हैं। इनके सामने अब परेशानी हो गई है।

### महिला स्व सहायता समूह करेगा देखरेख

व्यापार विहार स्थित दीनदयाल में सुधार पर 3 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना बनाई गई है। इसे रि-डवलपमेंट प्लान के तहत अमृत मिशन 2.0 योजना में शामिल किया गया है। फिलहाल देख रेख के लिए इसे महिला स्व सहायता समूह को दिया गया है।

- खजांची कुम्हार
अपर आयुक्त ननि

## 9 चोरियों का पर्दाफाश, तीन नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार



बिलासपुर। सकरी पुलिस ने अलग अलग 9 चोरियों का पर्दाफाश करते हुए 3 नाबालिग सहित 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी के सामान व नकद रकम जब्त किया गया है।

सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में अलग अलग जगहों में हुई चोरी के मामले में चोरों की पतासाजी की जा रही थी। बीट भ्रमण के दौरान सूचना पर मंगला धुरीपारा निवासी अरविंद पटेल पिता अनिल पटेल 20 साल, आशीष रजक पिता सुखनंदन रजक 20 साल व तीन नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर सभी ने सकरी क्षेत्र के 9 जगहों से चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उनके पास से चोरी की दो मोटर पंप, कापर तार, केबल, बिजली वायर, चांदी का करधन, अंगूठी, टीवी, पायल, चांदी का चम्मच, सिलिंग पंखा, नल की टोटी, बर्तन व 700 रुपए नकद रकम जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## कैंसर पीड़ित युवक ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

बिलासपुर। कैंसर पीड़ित युवक ने आपरेशन के दर्द से परेशान होकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक बृजेश मिश्रा ने बताया कि 27 अप्रैल को उसलापुर अल्का एवेन्यू के आगे ट्रेन से कटे हुए एक व्यक्ति की लाश मिली थी। पतासाजी के दौरान 28 अप्रैल को मृतक की पहचान सकरी भरनी निवासी हरीश यादव पिता उदयराम यादव 44 साल के रूप में हुई। मृतक कैंसर से पीड़ित था। आपरेशन के बाद दर्द से परेशान होकर उसने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मृतक 26 अप्रैल की दोपहर में घरवालों को बिना बताए निकल गया था। घर नहीं लौटने पर परिजनो ने गांव में पतासाजी की। नहीं मिलने पर दूसरे दिन खोजते हुए घुटकू रेलवे स्टेशन में जाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि 26 अप्रैल को एक युवक ट्रेन से टकरा गया था और उसकी मौत हो गई थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## नशे में तथाकथित पत्रकार ने थाने के अंदर मचाया हंगामा

बिलासपुर। बीती रात नशे में तथाकथित पत्रकार ने थाने के अंदर 2 घंटे तक हंगामा मचाते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाला। यह युवक डीओ अधिकारी के टेबल में चढ़कर गाली गलौज करते हुए पुलिसकर्मियों से हुज्जतबाजी कर रहा था। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे पकड़कर जमकर खातिरदारी की। उसके बाद वह शांत हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि 27 अप्रैल को रात 9 बजे आर्दशनगर सिरगिट्टी निवासी तथाकथित पत्रकार हर्ष यादव पिता पुन्नीलाल यादव शराब के नशे में थाने के अंदर गाली गलौज कर रहा था। उसके चेहरे, हाथ-पैर में चोंट भी लगी थी। पूछने पर उसने कुछ भी स्पष्ट नहीं बताया और मंदिर के पास मारपीट हुआ है कहता रहा। युवक ने अत्याधिक शराब के नशे में था। पुलिस ने उसे रिपोर्ट लिखाने कहा तो वह थाने में मौजूद स्टाफ के साथ ही गाली गलौज करने लगा। युवक रात्रि अधिकारी के टेबल में बैठकर हुज्जतबाजी करने लगा। प्रधान आरक्षक राम अवतार सिंह ने समझाइश दी तो युवक वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर ट्रांसफर कराने की धमकी देने लगा। दिवश अधिकारी के टेबल में खड़े होकर तुम लोगों की नौकरी खा जाउंगा कहते हुए रोजनामचा को खींचने लगा। साथ ही थाने में रखे फर्नीचर को लात से मारकर इधर उधर पटकने लगा। डाक्टरी मुलाहिजा कराने वाले फार्म को भी युवक ने फाड़ दिया और मुंशी मददगार को धक्का दे दिया। इसे मददगार शत्रुहन जगत दीवार से टकरा गया और उसके चेहरे में चोंट आई है। युवक बार बार मीडिया से जुड़ा हुआ हूं, मेरा सोशल मीडिया में कई सारे चैनल चलता हैं, मेरे लाखों फालोवर है और सबको थाना बुलाकर थाने में तोड़फोड़ करवा दूंगा कहता रहा। काफी हंगामे के बाद पुलिस ने प्रधान आरक्षक रामअवतार सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 121, 1, 121, 2, 132, 296, 351, 3, 224, 221 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



■ डीओ अधिकारी के टेबल में चढ़कर धमकी दी तुम सब की नौकरी खा जाउंगा

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166